RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School, imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty
well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning
● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

मुकद्दस रमजान

इफ्तार शुक्रवार
सुन्नी- 06:16 PM
शिया- 06:27 PM

सहरी शनिवार
सुन्नी- 04:51 AM
शिया- 04:45 AM

वर्ष : 26 | अंक : 84 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 15 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कल

## आयोग ने बताया समय, 6-7 चरणों में होगा चुनाव




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों को लेकर चल रहा इंतजार खत्म हो गया है। चुनाव आयोग ने बताया है कि कल लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया जाएगा।

चुनाव आयोग ने बताया कि आम चुनाव के साथ ही कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान भी शनिवार दोपहर करीब 3 बजे किया जाएगा। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं उनमें ओड़िशा, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश शामिल हैं। चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस की आयोग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी।

इससे पहले आज दो नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने पदभार संभाला। उनके औपचारिक स्वागत के बाद आयोग की फुल कमीशन की बैठक हुई जो 45 मिनट चली।

बैठक में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया है कि कल यानी 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया जाएगा।



### 2019 में क्या रहे थे नतीजे

2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 2014 से भी बड़ी जीत हासिल की थी. 2014 में बीजेपी ने 282 सीट जीती थी, जबकि 2019 में 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं, एनडीए ने 353 सीटें हासिल की थी. बीजेपी को 37.7 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे, जबकि एनडीए ने 45 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। कांग्रेस 52 सीटों पर ही जीत सकी थी।

# देश में चल रही है प्रधानमंत्री की गारंटी : मोहित बेनीवाल



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा एमएलसी चुनाव जीतने पर मोहित बेनीवाल का आज महामाया फ्लाईओवर के पास भव्य स्वागत किया गया।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मोहित बेनीवाल आज ग्रेटर नोएडा की ओर जा रहे थे। महामाया फ्लाईओवर के पास भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर दादरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक तेजपाल नागर, बीजेपी के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश पहलवान, महामंत्री डिंपल आनंद, युवा मोर्चा अध्यक्ष रामनिवास यादव, शहरी विकास मोर्चा उपाध्यक्ष प्रवेश चौहान, किसान मोर्चा के अध्यक्ष ओमवीर अवाना समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मोहित बेनीवाल का फूल माला पहनकर स्वागत किया।

इस दौरान मोहित बेनीवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं का हौंसला बढ़ाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कराए गए विकास कार्यो ने यह तय कर दिया है कि इस बार भाजपा गठबंधन 400 से अधिक (शेष पृष्ठ-4 पर)

# गुजरात के व्यापारी ने मांगी इच्छामृत्यु, ठगी के बाद बना कर्जदार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गुजरात के एक युवा व्यापारी ने नोएडा में स्थित एक कंपनी के मालिकों द्वारा लाखों की ठगी का शिकार होने के बाद इच्छामृत्यु मांगी है। व्यापारी कर्जदारों के उत्पीड़न से परेशान होकर अपने घर नहीं जा पा रहा है और दर-दर की ठोंकरें खा रहा है। नोएडा के थाना सेक्टर-126 में गुजरात के सूरत शहर के व्यापारी रजत रामसुमरन चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने बैंक में अपना सब कुछ गिरवी रखकर लोन लिया और किजांश स्पिरित प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से माल लेने के लिए उसे 15 लाख रूपये दिये। कंपनी ने 30 दिनों में माल की डिलीवरी करने का वादा किया था। लेकिन कंपनी ने 30 दिनों में भी माल की डिलीवरी नहीं की और उत्तका फोन रिसीव करना भी बंद कर दिया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# फर्जी कागजात पर बन गया यूपी पुलिस का कांस्टेबल

## जांच के बाद दर्ज की गई एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर में एक कांस्टेबल के खिलाफ फर्जी कागजात के आधार पर नौकरी पाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कांस्टेबल ने फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर गलत तरीके से कांस्टेबल की नौकरी प्राप्त की है। शिकायतकर्ता ने इस मामले में उत्तर प्रदेश के डीजीपी को पत्र लिखकर शिकायत की थी। जांच के बाद कांस्टेबल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है




ग्राम दूधली बांगर मवाना जनपद मेरठ निवासी कृष्णवीर सिंह ने उत्तर प्रदेश के डीजीपी को लिखें पत्र में बताया कि उनके ही गांव का तेजिंदर सिंह उर्फ तेजेंद्र पुत्र विजय वीर सिंह की जन्म तिथि 7 जून 1983 है और वह जवाहर इंटर कॉलेज छोटा मवाना मेरठ में कक्षा 10 में अनुत्तीर्ण हो गया था। इसके बाद उसने (शेष पृष्ठ-4 पर)

# शौच के लिए गई किशोरी को जबरन उठा ले गये दबंग

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी क्षेत्र में अपनी मां के साथ शौच के लिए जंगल में गई नाबालिक किशोरी का चार युवक अपहरण कर ले गए। किशोरी की मां ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन आरोपी किशोरी को जबरन अपने साथ लेकर फरार हो गए। पीड़िता ने थाना दादरी में दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना दादरी के एक गांव में रहने वाली विमला (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह विधवा है और मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है। 13 मार्च की सुबह वह अपनी नाबालिक बेटी के साथ शौच के लिए जंगल में गई थी। इस दौरान जीतन पवार पुत्र विजेंद्र पवार निवासी नगला तोता थाना चोला जनपद बुलंदशहर अपने चाचा राजू पुत्र सुखवीर व दो अन्य अज्ञात लोगों के साथ मौके पर आ गया। चारों आरोपी उसकी नाबालिक बेटी को जबरन अपने साथ उठाकर ले गए। उसने शोर मचाकर अपनी बेटी को बचाने का प्रयास किया लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता के मुताबिक आरोपी उसके मायके के हैं। इसलिए वह उन्हें भली भांति पहचानती है। पीड़िता ने इसकी सूचना पुलिस को दी। महिला ने आशंका जताई है कि उसकी नाबालिक बेटी के साथ कोई अनहोनी घटना हो सकती है। क्योंकि जीतन पवार अपराधिक किस्म का व्यक्ति है और उस पर जनपद बुलंदशहर में कई मुकदमे भी पंजीकृत हैं।

# बर्तन की दुकान में गैस रिफिलिंग का गोरखधंधा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्राम तुगलपुर में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ जिला पूर्ति विभाग ने अभियान चलाया। इस दौरान दो दुकानों से छोटे बड़े गैस सिलेंडर, रिफलिंग के उपकरण आदि बरामद हुए। पूर्ति विभाग की निरीक्षक ने महिला सहित दो लोगों के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पूर्ति विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से तुगलपुर में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। आपूर्ति निरीक्षक नेहा गुप्ता ने पुलिस टीम के साथ तुगलपुर गांव में छापा मारा। छापेमारी के दौरान सरवर किचन स्टोर पर कार्रवाई की गई। बर्तन की दुकान चलाने वाली सलेहा प्रवीण पत्नी सरफराज आलम ने बताया कि वह इस दुकान का संचालन अपने बेटे की मदद से करती है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## क्राइम फाईल

### सिक्योरिटी गार्ड नहीं लौटा रहा बाइक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना इकोटेक तीन क्षेत्र की एक कंपनी में काम करने वाले सिक्योरिटी गार्ड की बाइक को दूसरी कंपनी में काम करने वाला सिक्योरिटी गार्ड ले गया। बाइक ले जाने के बाद अब आरोपी उसे नहीं लौटा रहा है। सिक्योरिटी गार्ड ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से जनपद हमीरपुर निवासी आशीष प्रताप सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह वेदांत टेक्नो आर्ट कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत है। उसके पास की कंपनी में रिंकू नाम का युवक नौकरी करता था। दोनों की आपस में बातचीत होती थी। एक दिन वह लंच कर वापस आ रहा था। रिंकू ने उसे अपनी कंपनी में बुला लिया और बातचीत करने लगा। इस दौरान उसकी बाइक की चाबी वहीं पर छूट गई। (शेष पृष्ठ-4 पर)

### ऑफिस की अलमारी से नगदी चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रोजा जलालपुर गांव स्थित ब्लू डार्ट एक्सप्रेस लिमिटेड कोरियर कंपनी के ऑफिस में रखी अलमारी का ताला तोड़कर चोरों ने 154337 रुपए चोरी कर लिए। कंपनी के ऑपरेशन एग्जीक्यूटिव की शिकायत पर थाना बिसरख पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रताप विहार गाजियाबाद निवासी आशीष राणा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह ब्लू डार्ट एक्सप्रेस लिमिटेड कंपनी में ऑपरेशन एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत है। उनकी कंपनी पार्सल डिलीवरी का काम करती है। 12 मार्च को डिलीवरी से मिले 154337 रुपए को एक छोटे कैश बॉक्स में रखकर उसे अलमारी में बंद कर अपने घर चले गए थे। (शेष पृष्ठ-4 पर)

### कांशीराम कालोनी के निवासियों पर एफआईआर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 45 में बिल्डर की निर्माणाधीन साइट पर तोड़फोड़ व मारपीट करने के आरोप में काशीराम कॉलोनी में रहने वाले पांच नामजद व 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपियों ने बीते दिनों बिल्डर साइड पर तोड़फोड़ कर मजदूरों के साथ मारपीट की थी। एक्सपीरियंस डेवलपर्स के जीएम मुकेश कुमार ने बताया कि उनकी सेक्टर 45 में साइट चल रही है। 10 मार्च की सुबह साइट पर ठेकेदार व मजदूर काम कर रहे थे। इस दौरान काशीराम कॉलोनी के लोग सुनियोजित तरीके से इकट्ठा होकर साइट पर पहुंचे और उन्होंने मजदूरों के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

### खर्च चलाने के लिए चुराता था मोबाइल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-3 पुलिस ने एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि पुलिस टीम बिजली घर चौराहे के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति चोरी के मोबाइल बेचने के लिए किसी के इंतजार में मामूरा चौक पर खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर छापा मारकर महेश पुत्र वासुदेव उर्फ मनोज को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में इसके पास से चार मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में महेश ने बताया कि उसने यह मोबाइल फोन अलग-अलग स्थान से चोरी किए हैं। वह अपना खर्च चलाने के लिए मोबाइल फोन चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। चोरी के मोबाइल फोन को वह सस्ते दामों पर राह चलते लोगों को बेच देता है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# कुख्यात रवि काना के लिए ठेके हथियाने वाला गिरफ्तार



**नोएडा ( चेतना मंच )।** कुख्यात स्क्रैप माफिया रवि काना गिरोह के सक्रिय सदस्य को थाना बीटा-2 पुलिस व स्वाट टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। पकड़ा गया बदमाश स्क्रैप माफिया रवि काना की गाड़ी को चलने तथा स्क्रैप व सरिया के ट्रकों को चौराहों से पास करने का काम करता था।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार ने बताया कि थाना बीटा-2 पुलिस व स्वाट टीम ने ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत 25000 रूपये के इनामी अमन शर्मा पुत्र स्वर्गीय राजेश शर्मा निवासी सेक्टर ओमिक्रॉन ग्रेटर नोएडा को एटीएस गोल चक्कर से गिरफ्तार किया। अमन कुख्यात स्क्रैप माफिया रवि काना गिरोह का सक्रिय सदस्य है।

एडीसीपी ने बताया कि कुख्यात स्क्रैप माफिया रवि नागर उर्फ़ रविंद्र सिंह उर्फ रवि काना निवासी ग्राम दादूपुर संगठित गिरोह बनाकर सरिया व स्क्रैप के व्यवसाय को लंबे समय से चला रहा है। इस गिरोह के सदस्यों द्वारा विभिन्न निर्माणाधीन साइटों पर जाने वाले सरिया के ट्रकों को रास्ते में रोककर चालक को डरा-धमकाकर सरिया उतरवा लेते हैं। इसके बाद रवि नागर उर्फ़ रवि काना साइट के मैनेजर को डरा-धमकाकर स्टॉक बुक में पूरा वजन अंकित कराता था। उतारे गए सरिया को बाजार भाव से व्यापारियों को बेचकर गैंग अनुचित आर्थिक लाभ ले रहा था।

पुलिस द्वारा इस गिरोह के 16 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। एडीसीपी ने बताया कि इस गिरोह के सदस्य राजकुमार नागर, अनिल नागर, आजाद नागर, (शेष पृष्ठ-4 पर)

# पैदल जा रहे दो दोस्तों को वाहन ने कुचला

## सड़क हादसों में महिला सहित तीन मरे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के सेक्टर-150 में बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पैदल जा रहे दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वहीं अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क हादसों में महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। थाना नॉलेज पार्क प्रभारी विपिन राय ने बताया कि बीती रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-150 के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर पड़े हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर दोनों युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मध्य प्रदेश निवासी जगदीश पुत्र मुन्ना सिंह व दीपक पुत्र शत्रुघ्न निवासी बांदा के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला है (शेष पृष्ठ-4 पर)

# अंडरपास के पिलर पर लगी शीट चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** चोरों ने सेक्टर-37 स्थित अंडरपास के नीचे पिलर में लगी एसीपी शीट चोरी कर ली। नोएडा प्राधिकरण के अवर अभियंता ने थाना सेक्टर 39 में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्कल तीन के अवर अभियंता आशीष शर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि सेक्टर-37 अंडरपास के पिलर में एसीपी शीट लगी हुई थी। बीते दिनों रात्रि में अज्ञात चोरों ने पिलर पर लगी एसीपी शीट को चोरी कर लिया। इससे जहां अंडरपास की सुंदरता प्रभावित हो रही है वहीं सरकारी संपत्ति का भी नुकसान हुआ है। अवर अभियंता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आज से राशन वितरण शुरू 29 तक बंटेगा : चमन शर्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सभी अंत्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को आज से खाद्यान्न व बाजरा का वितरण किया जा रहा है। जो 29 मार्च तक बंटेगा। यह जानकारी जिलापूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में प्रत्येक अंत्योदय कार्ड पर 14 किग्रा0 गेहूं, 14 किग्रा0 चावल एवं 7 किग्रा0 बाजरा कुल 35 किग्रा0 खाद्यान्न तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 1 किग्रा0 गेहूं, 2 किग्रा0 चावल एवं 2 किग्रा0 बाजरा कुल 5 किग्रा0 खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंत्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2024 के सापेक्ष 3 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किग्रा कि दर से 54/- रुपए में वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा।



उन्होंने बताया कि खाद्यान्न व बाजरा के (शेष पृष्ठ-4 पर)



## पर्दे के पीछे

पार्टी आलाकमान का ऐसा एकाधिकार भी किसी लोकतंत्र का हिस्सा होता है, हमें याद नहीं है, लेकिन देश की सबसे बड़ी और सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी की इच्छा और एकाधिकार से ही संचालित होती है। प्रधानमंत्री की अचानक इच्छा हुई, तो हरियाणा के उस मुख्यमंत्री को, कुछ ही घंटों में, बदल दिया गया, जिसे जनादेश हासिल था। यह जनादेश अक्तूबर, 2024 के अंत तक का था। 2019 का विधानसभा चुनाव जिसके नेतृत्व में लड़ा गया और 41 विधायक जीत कर आए। यही नहीं, जो शख्स प्रधानमंत्री का 40 साल पुराना दोस्त रहा हो और एक दिन पहले ही सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री ने उनके अभूतपूर्व विकास-कार्यों की प्रशंसा की हो! मोटर साइकिल पर बिताए उन दिनों को याद किया हो, जब वे संगठन के लिए सक्रिय थे! सिर्फ रात ही बीती थी, क्योंकि सुबह तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को पद से इस्तीफा देना था! अंतरंग दोस्ती एकदम सूख गई और एक राज्य का मुख्यमंत्री 'पराजित योद्धा' मान लिया गया। मुख्यमंत्री का नया दायित्व लोकसभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को सौंप दिया गया। यकीनन प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नेतृत्व को 'फीडबैक' मिला होगा कि मुख्यमंत्री खट्टर के कारण जातीय समीकरण बिगड़ रहे हैं। जनता का एक बड़ा हिस्सा उनसे नाराज हो सकता है। चूंकि वह 2014 से ही निरंतर मुख्यमंत्री बने रहे हैं, लिहाजा सत्ता-विरोधी लहर भी स्वाभाविक है। चुनाव से ऐन पहले ही मुख्यमंत्री बदलने का औचित्य मोदी ही बता सकते हैं, यदि उनकी इच्छा हो! प्रधानमंत्री की बुनियादी चिंता लोकसभा चुनाव है। यदि हरियाणा में जनादेश आधा-अधूरा रहा, तो 370 लोकसभा सीट का लक्ष्य पूरा कैसे होगा? क्या हरियाणा के नए 'नायब' प्रधानमंत्री के लक्ष्य को 100 फीसदी परवान चढ़ा सकेंगे? आपको कुछ ऐतिहासिक याद दिला दें कि जब नरेंद्र मोदी हरियाणा के प्रभारी थे, तो खट्टर सह-प्रभारी होते थे। उस दौर में भाजपा के 4-5 विधायक ही जीत पाते थे। देवीलाल सरीखे नेताओं के साथ गठबंधन होते रहते, तो 17-18 विधायक जीत पाते थे और सरकार में भी भागीदारी हो पाती थी। अटल-आडवाणी की भाजपा तक यही ताकत हुआ करती थी। दरअसल हरियाणा का जातीय समीकरण कभी भी भाजपा-समर्थक नहीं रहा। जाट आबादी का वर्चस्व ऐसा रहा कि 33 सालों तक जाट मुख्यमंत्री ने ही शासन किया। इस बार संकट यह महसूस किया गया कि यदि देवीलाल के प्रपौत्र दुष्यंत चौटाला की जजपा के साथ गठबंधन बरकरार रहता, तो करीब 22 फीसदी जाट वोट कांग्रेस की ओर ध्रुवीकृत हो सकते थे, लिहाजा सबसे पहले जजपा के साथ गठबंधन तोड़ने के अवसर बनाए गए। जाट तो 2014 से ही खट्टर-विरोधी रहे हैं। यहां तक कि पार्टी के अधिकांश विधायक ही उनके खिलाफ थे और पार्टी नेतृत्व के सामने विरोध जताते रहते थे, लेकिन तब तक प्रधानमंत्री की इच्छा खट्टर के पक्ष में थी और पार्टी ने लोकसभा की सभी 10 सीटें भी 2019 में जीती थीं। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी वोट बैंक को लामबंद करते रहे हैं और उसमें उन्हें सफलता भी मिली है। पिछले आम चुनाव में ओबीसी के 45 फीसदी वोट भाजपा के पक्ष में आए, जो सर्वाधिक हैं। हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को राज्य की 30 फीसदी ओबीसी आबादी का चेहरा चित्रित किया जा रहा है, जबकि सैनी समुदाय की आबादी तो मात्र 2.9 फीसदी ही है। गैर-जाट, पिछड़े, दलित, पंजाबी, ब्राह्मण आदि अब भाजपा के 70 फीसदी से अधिक जनाधार हैं। यदि सरकार-विरोधी लहर मुख्यमंत्री खट्टर के कारण महसूस की जा रही है, तो उन्हीं की कैबिनेट के पांच चेहरों को दोबारा मंत्री क्यों बना दिया गया? क्या सत्ता-विरोधी लहर मुख्यमंत्री के खिलाफ हो सकती है, लेकिन मंत्रियों के कारण नहीं? यह तो अजीब राजनीतिक शास्त्र है। प्रधानमंत्री ने गुजरात, त्रिपुरा, उत्तराखंड, कर्नाटक आदि राज्यों के मुख्यमंत्री बदले, लेकिन चुनाव का प्रारब्ध फिलहाल प्रधानमंत्री के पक्ष में रहा है, लिहाजा वह भाजपा के लिए, कोई भी रणनीति बनाएं अथवा एकाधिकार से पार्टी को संचालित करें, इस पर कोई क्या कह सकता है? हम तो अपने दौर की राजनीति का विश्लेषण कर रहे हैं और लोकतंत्र के मायने साफ तौर पर समझते हैं। बहरहाल, हरियाणा अब नए नेतृत्व में विकास करेगा और उन्नति का नया अध्याय लिखेगा, ऐसी कामना करते हैं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जिसका श्री रघुनाथजी के चरणों में अत्यंत प्रेम है, उसको कालधर्म (युगधर्म) नहीं व्यापते। हे पक्षीराज! नट (बाजीगर) का किया हुआ कपट चरित्र (इंद्रजाल) देखने वालों के लिए बड़ा विकट (दुर्गम) होता है, पर नट के सेवक (जंभूरे) को उसकी माया नहीं व्यापती॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो०-हरि माया कृत दोष गुन बिनु हरि भजन न जाहिं।**
**भजिअ राम तजि काम सब अस बिचारि मन माहिं॥**

श्री हरि की माया के द्वारा रचे हुए दोष और गुण श्री हरि के भजन बिना नहीं जाते। मन में ऐसा विचार कर, सब कामनाओं को छोड़कर (निष्काम भाव से) श्री रामजी का भजन करना चाहिए॥

**तेहिं कलिकाल बरष बहु बसेउँ अवध बिहगेस।**
**परेउ दुकाल बिपति बस तब मैं गयउँ बिदेस॥**

हे पक्षीराज! उस कलिकाल में मैं बहुत वर्षों तक अयोध्या में रहा। एक बार वहाँ अकाल पड़ा, तब मैं विपत्ति का मारा विदेश चला गया॥

**गयउँ उजेनी सुनु उरगारी। दीन मलीन दरिद्र दुखारी॥**
**गएँ काल कछु संपति पाई। तहँ पुनि करउँ संभु सेवकाई॥**

हे सर्पों के शत्रु गरुड़जी! सुनिए, मैं दीन, मलिन (उदास), दरिद्र और दुःखी होकर उज्जैन गया। कुछ काल बीतने पर कुछ संपत्ति पाकर फिर मैं वहीं भगवा-? शंकर की आराधना करने लगा॥

**बिप्र एक बैदिक सिव पूजा। करइ सदा तेहि काजु न दूजा॥**
**परम साधु परमारथ बिंदक। संभु उपासक नहिं हरि निंदक॥**

एक ब्राह्मण वेदविधि से सदा शिवजी की पूजा करते, उन्हें दूसरा कोई काम न था। वे परम साधु और परमार्थ के ज्ञाता थे, वे शंभु के उपासक थे, पर श्री हरि की निंदा करने वाले न थे॥

**तेहि सेवउँ मैं कपट समेता। द्विज दयाल अति नीति निकेता॥**
**बाहिज नम्र देखि मोहि साईं। बिप्र पढ़ाव पुत्र की नाईं॥**

मैं कपटपूर्वक उनकी सेवा करता। ब्राह्मण बड़े ही दयालु और नीति के घर थे। हे स्वामी! बाहर से नम्र देखकर ब्राह्मण मुझे पुत्र की भाँति मानकर पढ़ाते थे॥

क्रमशः

# सीएए विरोधी लग रहे हैं मानवता विरोधी

बीते दिनों नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए देश में लागू हो गया है। इस कानून की प्रतीक्षा लंबे समय से थी। 2019 में मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम संसद से पास किया था। जनवरी 2020 में राष्ट्रपति की मुहर लगने के साथ यह कानून अस्तित्व में आ गया था। सीएए को लेकर देश भर में विरोध-प्रदर्शन हुआ था। केंद्र सरकार ने देशभर में एनआरसी लागू करने की बात कही थी। एनआरसी के तहत भारत के नागरिकों का वैध दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन होना था। सीएए के साथ एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता खत्म करने के रूप में देखा गया था।

इस कानून को लागू किए जाने को लेकर एक तरफ खुशी का माहौल है तो दूसरी ओर विरोध के स्वर भी सुनाई दे रहे हैं। खुशी उन लोगों को है जो बरसों से भारत की नागरिकता पाने का इंतजार कर रहे थे। इस कानून के लागू होने के बाद उनकी दशकों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। विरोध करने वाली जमात में मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल और स्वयंसेवी संगठन हैं। राजनीतिक दल व संगठन इसे पूर्व की भांति तरह अल्पसंख्यक विरोधी बता रहे हैं, वहीं इसे राजनीतिक दांव भी बता रहे हैं।

सीएए लागू होने के बाद विपक्षी दल इस कानून को लेकर देशवासियों को खासकर मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर रहे हैं। असल में, आजादी के बाद से ही अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों की समूची मानसिकता राजनीतिक दलों और उनके संरक्षक बनने का दावा करने वाले स्वयंसेवी संगठनों के ही समझ के अनुसार चलती रही है। सीएए के खिलाफ उठे देशव्यापी विवाद को भी इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। विपक्ष अपने बयानों के माध्यम से मुस्लिम समुदाय को यह संदेश दे रहा है कि इस कानून से उनकी नागरिकता संकट में पड़ जाएगी। सरकार और जिम्मेदार पदों पर आसीन लोग इस कानून से जुड़ी तमाम आशंकाओं को दूर कर रहे हैं। लेकिन, विपक्ष मुस्लिम समुदाय को गलत जानकारी देकर उपद्रव और हिंसक प्रदर्शनों के लिए परोक्ष रूप से उकसाता दिखाई दे रहा है। 2020 में विपक्ष ने परोक्ष रूप से कानून के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शनों और उपद्रव में सहायता की थी। ये खुला तथ्य है।

नागरिकता संशोधन नियम लागू होने के बाद अब पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आए थे, उन्हें भारतीय नागरिकता बिना वैध पासपोर्ट और भारत के वीजा के बिना मिल सकती है। दरअसल, ये लोग उन देशों में अल्पसंख्यक हैं। जाने किस त्रास या संकट में उन्हें उन देशों को छोड़ कर आना पड़ा। यहां के नागरिक न होते हुए भी दिक्कतों, मुसीबतों को गले लगाकर यहां जीवन बिताना पड़ रहा है। इसलिए इन सबको नागरिकता देकर यहां यानी भारत में सम्मान दिए जाने के से रहें। भारत सरकार वंचितों की मदद करना चाहती है, इसलिए इन तीनों देशों के वे गैर मुस्लिम नागरिक जो वर्षों पहले यहां आ गए थे उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। इसमें गलत क्या है? लेकिन अब विपक्ष के इस विरोध की सच्चाई और इसके पीछे छिपी कुत्सित इरादे देशवासियों को समझ आने लगे हैं।




**यह कानून किसी की नागरिकता का हनन नहीं कर रहा बल्कि वंचितों को कानूनन अधिकार दे रहा है। यह अधिनियम किसी को बुलाकर भी नागरिकता नहीं दे रहा बल्कि जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 तक भारत में प्रवेश कर लिया था वे ही भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे।**

इरादे से यह कानून लाया गया है। ऐसे में अब प्रश्न उठता है कि यह कानून भलाई के रूप में सामने लाया जा रहा है तो विपक्ष इसका विरोध क्यों कर रहा है?

विपक्ष का कहना है कि इस कानून में खासतौर पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया गया है। उनका तर्क है कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है जो समानता के अधिकार की बात करता है। इस कानून में इन तीन देशों से आए मुसलमानों को नागरिकता देने से बाहर रखा गया है। कई आलोचकों का मानना है कि इस कानून से मुसलमानों से भेदभाव हो रहा है और ये भारत में समानता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करता है। जहां तक विपक्ष के विरोध का सवाल है उसका कहना है कि इस कानून में मुस्लिमों को वंचित क्यों रखा गया? यह समानता के कानून का उपहास उड़ाने की तरह है।

सरकार का कहना है कि जिन देशों के शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान किया जा रहा है, वहां मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं, बल्कि बहुसंख्यक हैं। इसलिए उन्हें इस देश में यानी भारत में नागरिकता देने का कोई मतलब नहीं है। वो उनके देश हैं, वे वहां खुशी यह कानून किसी की नागरिकता का हनन नहीं कर रहा बल्कि वंचितों को कानूनन अधिकार दे रहा है। यह अधिनियम किसी को बुलाकर भी नागरिकता नहीं दे रहा बल्कि जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 तक भारत में प्रवेश कर लिया था वे ही भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। भारत के मुस्लिमों या किसी भी धर्म और समुदाय के लोगों की नागरिकता को इस कानून से कोई खतरा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम बड़े मंत्री और जिम्मेदार लोग इस बात को कई बार कह चुके हैं कि सीएए नागरिकता देने का कानून है, किसी की नागरिकता छीनने का नहीं।

असल में, मोदी सरकार के दस सालों के कार्यकाल में देश में बड़े परिवर्तन और काम हुए हैं। देश की जनता का भरोसा मोदी की गारंटी पर है। दस साल के कार्यकाल के बाद भी पीएम मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। मोदी सरकार की लोकप्रियता और देशवासियों के उसके प्रति विश्वास से विपक्ष में बेचैनी का माहौल है। ऐसे में कुंठित और मुद्दा विहीन विपक्ष जात पात की राजनीति और मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा किसी मुद्दे की तलाश में रहता है।

चार साल पहले सीएए कानून बनने के बाद पर्दे के पीछे रहकर विपक्ष दलों ने मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर भड़काया था। नतीजतन देश में अशांति और भय का माहौल बना। हिंसक प्रदर्शनों में जान माल का नुकसान हुआ। आज भी विपक्ष चार साल पहले वाला माहौल बनाना चाहता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बार-बार कह रही हैं कि वे पश्चिम बंगाल में सीएए को लागू नहीं होने देंगी। हालांकि संसद के पारित कानून को लागू न करने देना अवैधानिक ही माना जाएगा। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल सीएए के मुद्दे पर लगातार विभाजनकारी बयानबाजी कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के अलावा कांग्रेस, सपा, राजद, वाम दल तथा मुस्लिम तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने वाले राजनीतिक दलों के पेट में मरोड़ उठ रहा है।

देश में शरणार्थियों की संख्या की बात करें एक रिपोर्ट के अनुसार 199,931 हैं। यह आंकड़ा 2014 तक का है। 2022 की बात करें तो देश में 242,835.00 शरणार्थी हैं। लेकिन जो 2014 तक भारत आए थे सिर्फ उन्हें ही नागरिकता देने का प्रावधान है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिसंबर 2021 में राज्यसभा में बताया था कि वर्ष 2018, 2019, 2020 और 2021 के दौरान पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए कुल 3,117 अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता दी गई। हालांकि आवेदन 8,244 मिले थे। वहीं गृह मंत्रालय की 2021-22 की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2021 में कुल 1,414 विदेशियों को भारतीय नागरिकता दी गई।

पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के जो अल्पसंख्यक जान बचाकर भारत आने में सफल रहे थे वे यहां की नागरिकता पाने का इंतजार करते रह गए हैं। उनकी संख्या अच्छी-खासी है। वे अल्पसंख्यक होने के कारण ही इन तीनों देशों में प्रताड़ित किए गए। उनके पास प्रताड़ना से बचने के लिए भारत आने के अलावा और कोई उपाय नहीं था। विपक्ष को इस मुद्दे पर राजनीति से बाज आना चाहिए। वहीं मुस्लिम समुदाय को भी जमीनी हकीकत को समझना चाहिए। राजनीतिक दलों के बहकावे में आकर कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जो देश और संविधान के खिलाफ हो। आखिरकार यहां सवाल उन हजारों लोगों की जिंदगियों का है जो भारत की नागरिकता लेकर अमन चैन से अपनी जिंदगी बसर करने की ख्वाहिश रखते हैं।

**- डॉ. आशीष वशिष्ठ**
**(लेखक वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सचेत होने की जरूरत

खाद्य पदार्थों में मिलावट आज विश्वव्यापी समस्या है। बहुत से देशों में इसने भयावह रूप धारण कर लिया है। अधिकांश लोग यह जाने बिना कि उसमें मिलावट है, खाद्य पदार्थों का सेवन कर लेते हैं जिससे उपभोक्ता विभिन्न बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। जनसंख्या में वृद्धि, शहरीकरण, भोजन की कमी और अनुचित लाभ की लालसा के कारण मिलावट ने भयंकर रूप धारण कर लिया है। इस तरह के कदाचार का अंतिम लक्ष्य ज्यादातर उपभोक्ता होते हैं जो अनजाने में इन खाद्य पदार्थों को खरीदते और खाते हैं तथा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित हो जाते हैं। मिलावटी भोजन से उपजी बीमारियों के उपचार के लिए बाजार में दूषित दवाओं से या तो मौत हो जाती है या उपचार ताउम्र ही चलता रहता है जिससे उस परिवार की माली हालत खराब हो जाती है। दूषित दवाइयों से सारी दुनिया ही ग्रसित है और ये मौत का कारण भी हैं। 2006 में पनामा में कम से कम 366 लोगों की मौत का कारण बना दूषित कफ सिरप। भारत में बने कफ सिरप पीने से गाम्बिया में 66 बच्चों की मौतें, जम्मू-कश्मीर में खांसी/जुकाम की दवा से 10 बच्चों की मौतें, उज्बेकिस्तान में इंडियन कफ सिरप से 18 बच्चों की मौतों भी उल्लेखनीय हैं। इसी तरह 1998 में दिल्ली में 33 मौतें, 1986 में मुंबई में 14 मौतें और 1973 में चेन्नई में 14 मौतें हुई थी। दूषित दवाओं से ऐसी और बहुत सी मौतें हुई हैं और हो रही हैं। ये सब दवाइयों में गुणवत्ता की उपेक्षा के कारण हैं। पूरे विश्व में दूषित दवाओं की पूर्ति के लिए चीन और भारत की छवि खराब है।

दूषित दवाओं को बनाने में हिमाचल प्रदेश भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हिमाचल में बीबीएन एशिया का सबसे बड़ा फार्मा हब माना जाता है। यहां 380 से ज्यादा फार्मा उद्योग हैं। प्रदेश में 675 फार्मा उद्योग कार्यरत हैं। देश में दवाइयों की खपत के बाद करीब 183 अन्य देशों में दवाइयां निर्यात की जाती हैं। 25-30 हजार करोड़ रुपए का सालाना व्यवसाय यहां होता है। प्रदेश के फार्मा उद्योग में करीब 2 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला है। पिछले 5 सालों में दवाइयों के 8000 सैंपल फेल हुए। जिन दवाइयों के सैंपल फेल हुए उनमें शुगर, संक्रमण, एंटीबायोटिक, एलर्जी, ब्लड क्लोट व दर्द निवारक दवाइयां शामिल हैं। विश्व भर में हिमाचल की छवि को नुकसान पहुंचा है। हिमाचल को इस संदर्भ में नीति बनाने की आवश्यकता है, जिसमें उच्च गुणवत्ता की टेस्टिंग लैब बने और दवाओं की गुणवत्ता चैक होने के बाद ही बाजार में भेजें। प्रमुख खाद्य पदार्थों में भी मिलावट होती है। इनमें गेहूं-चावल में कंकड़/मिट्टी, सरसों तेल में सस्ता पाम आयल, हल्दी में लैड क्रोमेट और पीली मिट्टी, दूध में यूरिया व डिटर्जेंट, मिर्च में लाल ईंट पत्थर पाउडर, फल-सब्जी में कृत्रिम रंग, रेलवे स्टेशनों एवं बस अड्डों पर मिलावटी दूध की चाय आदि शामिल हैं जिनसे विभिन्न बीमारियां होती हैं, जैसे हृदय रोग, गुर्दों पर दुष्प्रभाव, लीवर-मस्तिष्क पर दुष्प्रभाव, पेट रोग आदि। बहुत से लोग इन बीमारियों से ग्रसित हैं। खाद्य सुरक्षा कानूनों के ढीले कार्यान्वयन और उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता की कमी के कारण ही खाद्य पदार्थों में मिलावट बड़े पैमाने पर हो रही है। उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने, बाजार में होने वाली ग्राहक जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावटी चीजों का वितरण, तय मूल्य से ज्यादा दाम वसूलना, बिना मानक चीजों की बिक्री, ठगी, नापतोल में अनियमितताएं, गारंटी के बाद सर्विस नहीं देने के अलावा उपभोक्ताओं के प्रति होने वाले अपराधों को देखते हुए हर साल 15 मार्च को नए थीम के साथ विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है।


*उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 अन्य कानूनों की अपेक्षा उपभोक्ताओं को अधिक संरक्षण प्रदान करता है। उपभोक्ताओं के विवादों का शीघ्र और उचित निपटारा करने के लिए अर्ध-न्यायिक पद्धति को बनाया गया है। इसमें जिला फोरम, राज्य आयोग तथा राष्ट्रीय आयोग शामिल हैं।*


उपभोक्ता आंदोलन के जनक अमरीकी राजनीतिक कार्यकर्ता और लेखक राल्फ नादर थे। उपभोक्ता अधिकारों को बनाए रखने के लिए 1962 में अमरीकी राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी द्वारा अमरीकी कांग्रेस में दिए गए ऐतिहासिक भाषण की याद में 15 मार्च को चुना गया था। 15 मार्च 1983 को उपभोक्ता समूहों के लिए एक संघ 'कंज्यूमर्स इंटरनेशनल' द्वारा मनाया गया था। कंज्यूमर इंटरनेशनल दुनिया भर के उपभोक्ता समूहों के लिए सदस्यता संगठन है। 1 अप्रैल 1960 को स्थापित, इसके 120 देशों में 250 से अधिक सदस्य संगठन हैं। इसका मुख्य कार्यालय लंदन में है। भारत में पहला राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसंबर 1986 को मनाया गया था। उपभोक्ता के छह अधिकार हैं सुरक्षा, सूचना, चुनने, सुने जाने, निवारण और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार। इन अधिकारों के अलावा शोषण से बचने के लिए हमारे कुछ कर्तव्य हैं। वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता कुछ मानकों द्वारा तय की जाती है। इसमें कोई भी सामान खरीदने से पहले उन मानकों को देख-समझ कर ही वस्तु क्रय करनी चाहिए। भारत में स्वास्थ्य का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और इसे राष्ट्रीय संविधान और वैधानिक कानूनों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कानूनों में भी वैधता दी गई है। इसी के दृष्टिगत भारत सरकार और राज्य सरकारों ने बहुत से कानूनों और अधिनियमों को पारित कर दूषित दवाओं और खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के कदम उठाए हैं, जैसे सुरक्षित भोजन के संबंध में मुख्य कानून है 1954 का खाद्य पदार्थ अपमिश्रण निषेध अधिनियम। यह कानून 65 खाद्य पदार्थों में कीटनाशकों या मिलावट का नियमन करता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 अन्य कानूनों की अपेक्षा उपभोक्ताओं को अधिक संरक्षण प्रदान करता है। उपभोक्ताओं के विवादों का शीघ्र और उचित निपटारा करने के लिए अर्ध-न्यायिक पद्धति को बनाया गया है। इसमें जिला फोरम, राज्य आयोग तथा राष्ट्रीय आयोग शामिल हैं। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की स्थापना का प्रावधान है। कुल मिलाकर देखें तो कई कानून होने के बावजूद भारत में उपभोक्ता अभी जागरूक नहीं हैं। उन्हें इस संबंध में जागरूक करने की जरूरत है।

**-सत्यपाल वशिष्ठ**
**स्वतंत्र लेखक**


## राशिफल


फाल्गुन कृष्ण पक्ष : षष्ठी (विक्रम संवत् 2080)



**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** संतान पक्ष से दूरी और उसका कारण बहुत अच्छा नहीं है। सरकारी तंत्र में दूरी, पिता के स्वास्थ्य में परेशानी।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)** सितारों की तरह चमकेंगे। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी। प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ, छ, के, हो, हा)** पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। कोर्ट-कचहरी से न उलझें। खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी।



**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)** भाग्य पर भरोसा किए बिना आगे बढ़िएगा। भाग्य में रोड़े अटकेंगे। बाकी आय में आशातीत बढ़ोत्तरी।



**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)** मन बेचैन रहेगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ा परेशान कर सकती है। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान ठीक-ठाक, व्यापार भी ठीक है।



**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य पर ध्यान दीजिए। प्रेम-संतान लगभग ठीक है।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)** भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वयं के स्वास्थ्य और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।


**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)** जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम-संतान की स्थिति ठीक-ठाक और व्यापार भी ठीक है।


**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)** रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम-गरम, प्रेम-संतान बहुत अच्छा और व्यापार भी बहुत अच्छा है।


**मकर- (भो, जा, जी, जू, जे, जो, खा, खी, खू, खे, गा, गी)** भावुक होकर निर्णय मत लीजिएगा। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोककर रखें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं, बच्चों की स्थिति थोड़ी मध्यम बनी रहेगी।


**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, सो, द)** भूमि और वाहन की खरीदारी संभव है। स्वास्थ्य पहले से बेहतर भाग्य साथ देगा। प्रेम-संतान और व्यापार बहुत अच्छा है।


**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)** स्वास्थ्य अच्छा नहीं चल रहा है। प्रेम-संतान की स्थिति पहले से बेहतर, व्यापार भी ठीक है, लेकिन पूरी तरीके से स्वास्थ्य पर ध्यान दीजिएगा।

# किसान रैली में सैकड़ो लोग पहुंचे



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आज किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता ग्रेटर नोएडा स्थित कार्यालय से दिल्ली के रामलीला मैदान में संयुक्त किसान मोर्चे की होने वाली महापंचायत में हिस्सा लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान ने कहा कि पिछले लंबे समय से किसान एमएसपी की माँग कर रहे हैं। लेकिन केंद्र की तानाशाही सरकार किसानों की माँगो को अनसुना कर रही है।

पंजाब हरियाणा उत्तर प्रदेश कई राज्यों के किसान पंजाब और हरियाणा के बॉर्डर पर डटे हुए हैं। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर ने कहा कि सैकड़ों की संख्या में गौतमबुद्ध नगर के कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे। इस मौक़े पर डॉ. विकास प्रधान, ब्रजेश भाटी, कृष्ण नागर, संजय कसाना, मनीष नागर, जगत बीडीसी गौरव चौधरी, गौरव चपराना, अखिल भाटी, मोहित भाटी, ओमप्रकाश, उमेश राणा, अरूण भाटी सहित आदि लोग मौजूद रहे।



भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले अ निश्चित कालीन धरना सेक्टर 142 स्थित शहदरा गांव में आज 29 वें दिन भी जारी रहा।

# रोटरी क्लब ने गलगोटिया यूनिवर्सिटी में लगाया रक्तदान शिविर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा द्वारा गलगोटिया यूनिवर्सिटी में लगाये गये रक्तदान शिविर में छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया। कैम्प में 175 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

रो0 डॉ0 के के शर्मा ने बताया कि रोटरी ब्लड बैंक नोएडा में रक्त की कमी चल रही थी। जिसे दूर करने के लिये गलगोटिया यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार नितिन शर्मा से अनुरोध करने पर उन्होंने यूनिवर्सिटी कैम्पस में रक्तदान शिविर आयोजित करने की सहमति प्रदान की। रोटरी क्लब के सहयोग से लगाये गये शिविर में 175 बहुमूल्य यूनिट रक्त एकत्र हुआ।

क्लब के अध्यक्ष रो0 अतुल जैन ने बताया कि रक्तदान के लिये छात्र छात्राओं में उत्साह देखने को मिला सभी ने बढ़चढ़कर रक्तदान किया कैम्प में 55 बच्चे कम हीमोग्लोबिन के कारण रक्तदान नही कर सके। कैम्प में नर्सिंग डिपार्टमेन्ट की डीन लेखा विष्ट, अरविंद जैन व सोनिया सिंह का विशेष सहयोग रहा।



कैम्प में रो0 सौरभ बंसल, रो0 अमित राठी, रो0 ऋषि अग्रवाल, रो0 संजय गर्ग, रो0 अंकुर गर्ग, रो0 राहुल शर्मा, रो0 सरदार रंजीत सिंह (मणि) व अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाकियू लोक शक्ति की हुई पंचायत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की पंचायत सेक्टर-16 स्थित विद्युत निगम के मुख्य अभियंता के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह भाटी के नेतृत्व में हुई। जिसकी अध्यक्षता गोपीचंद शर्मा ने की और संचालक पप्पू नागर ने किया जिसमें डूब क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर अधिक जोर रहा।

पंचायत में ओमदत्त चौहान, सतपाल यादव, विनोद चौधरी, लखन मलिक, उदयभान मलिक तथा प्रमोद शर्मा व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने रैली में लिया हिस्सा

**नोएडा (चेतना मंच)।** अखिल भारतीय किसान सभा गौतमबुद्ध नगर इकाई के सैकड़ो कार्यकर्ताओं दिल्ली स्थित रामलीला मैदान में किसान महापंचायत में कल हिस्सा लिया। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के आमदनी दोगुनी करने का वादा किया था। स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट को लागू करने का वादा किया था। मोदी सरकार न केवल अपने वायदे से मुकरी है बल्कि उसने अपने पूंजीपति मित्रों के लिए तीन काले कानून लाकर कृषि क्षेत्र को उनके हवाले करने की कोशिश की किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि देशभर के सभी किसान संगठन फसलों के लाभकारी मूल्य की मांग करते रहे हैं।



इस मौके पर शिशांत भाटी, मोहित भाटी, पप्पू ठेकेदार, पप्पू भाटी, मनवीर भाटी, नितिन चौहान, देशराज चौहान, सुरेंद्र पाल सिंह, संदीप भाटी, राहुल भाटी, संदीप भाटी, सचिन भाटी, सुरेश यादव, रणवीर यादव, सुरेंद्र यादव, पदम यादव, सतबीर यादव, सुरेंद्र पंडित, निरंकार प्रधान, अशोक आर्य, जोगेंद्री देवी, नीलू लोहिया, रईसा चौहान, मोनू मुखिया, नरेश नागर, बाबा करतार, जोगिंदर प्रधान, रूपचंद भाटी, ब्रह्म सिंह भाटी, गुरप्रीत एडवोकेट भगत सिंह चेची, कुंवर पाल सिंह, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सेक्टर-112 में 1 अप्रैल को होंगे आरडब्ल्यूए के चुनाव

**नोएडा (चेतना मंच)।** डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा नियुक्त जिला पंचायत राज अधिकारी गौतमबुद्धनगर कुंवर सिंह यादव ने सेक्टर-112 में चुनाव कराने के लिए चुनावी कार्यक्रम जारी कर दिया है।

सेक्टर-112 में 2 आरडब्लूए कार्य कर रही थी जिसमें से 1 को डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा 27/1/24 को इस आदेश पर निरस्त किया था कि वर्तमान आर डब्लू.ऐ (किसान कोटा) को आदेशित किया जाता है कि निरस्त आर.डब्लू.ऐ के सभी वैध सदस्यों को शामिल कर 1 माह में सूची रजिस्ट्रार को उपलब्ध कराई जाये जिससे कि सेक्टर-112 में 1 माह में चुनाव संपन्न कराये जा सके व सेक्टर में लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई टीम कार्य करे।

रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-112 (किसान कोटा) सन-2018 में रजिस्टर्ड कराई गयी थी, जिसके स्वयं घोषित अध्यक्ष व महासचिव द्वारा पिछले 6 वर्षो में आज तक भी सेक्टर-112 में चुनाव नहीं कराये गये हैं।

# लम्बे संघर्ष व इंतजार के बाद कुलेसरा-शहदरा पुस्ता रोड का निर्माण शुरू

## क्षेत्रीय जनता ने सुभाष भाटी के प्रयासों को सराहा, विधायक का भी जताया आभार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा शाहदरा गांव के निवासी तथा समाजवादी पार्टी के नेता सुभाष भाटी के लम्बे संघर्ष तथा गंभीर पहल के बाद अंततः कुलेसरा से शहदरा गांव को जाने वाली पुस्ता रोड का निर्माण शुरू हो गया है। इससे क्षेत्र में खुशी की लहर है। लोग सुभाष भाटी को इसे लिए बधाई दे रहे हैं। सुभाष भाटी ने भी इस जनहित कार्य के लिए सिंचाई विभाग तथा नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों तथा दादरी के विधायक तेजपाल नागर का आभार जताया है।

मालूम हो कि यह पुस्ता रोड कुलेसरा से शहदरा तक जाता है। 3.5 किमी. लम्बे इस मार्ग में इलाहबांस गांव, सेक्टर-140, 141, 190 जैसे अहम क्षेत्र पड़ते हैं। सड़क न होने से लाखों लोगों को काफी परेशान होना पड़ता था। सुभाष भाटी ने इस सड़क के निर्माण के लिए जिलाधिकारी से लेकर सिंचाई विभाग व प्राधिकरण के अफसरों तक पैरवी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।







रोड नहीं बना तो भाजपा का करेंगे विरोध

नोएडा( चेतना मंच )। ग्रामीणों ने कई बार विरोध प्रदर्शन के बाद भी नही बनाया जा रहा रोड। ग्रामीणों का कहना है की आचार संहिता लगने से पहले यदि शहदरा का पुस्ता रोड नही बनाया गया तो भाजपा का विरोध होगा। यह बात सपा नेता सुभाष भाटी ने कही है। उन्होंने बताया कि पुस्ता रोड को लगभग साढ़े चार साल से नोएडा अथॉरिटी एवं विधायक तेजपाल नागर, सांसद महेश शर्मा से कई बार बनवाने के लिए मिले। लेकिन आज तक पुस्ता रोड को बनाने की तो बात दूर रही गड्ढे मुक्त भी नही हुआ। विधायक तेजपाल नागर ने पुस्ता रोड बनाने के लिए उद्घाटन कर दिया। लेकिन आज तक कार्य शुरू नही हुआ।

पुस्ता रोड गाँव शहदरा इलाहबास और सेक्टर-140, 144, 143 की और पुस्ता रोड कॉलोनी आदि के लिए जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि रोड नहीं बनाया गया तो हम सभी मिलकर भाजपा का विरोध करेंगे। इस मौके पर सुभाष भाटी, विपिन सुमित गुर्जर, बैसोया राहुल, विनोद नागर, राजबीर एडवोकेट, राजेन्द्र प्रिंस, सुनील, अंकुश, ऐ.के. सैफी आदि मौजूद रहे।

कई बार सांसद डा. महेश शर्मा तथा विधायक तेजपाल नागर से भी मुलाकात कर सड़क बनवाने की मांग की। श्री भाटी ने बताया कि दादरी के विधायक तेजपाल नागर ने इस पुस्ता रोड का करीब तीन साल पूर्व शिलान्यास भी कर दिया था फिर भी निर्माण शुरू नहीं हुआ। अब जाकर इस रोड़ का निर्माण शुरू हो पाया है। इस पुस्ता रोड के बनने से क्षेत्र के लाखों लोगों की परेशानी हल हो जाएगी। गांवों के अलावा कई सेक्टरों को भी इसका लाभ मिलेगा।

## पर्यटन उद्योग का देश की जीडीपी में अहम योगदान : श्रीवास्तव

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ हॉस्पीटैलिटी एंड टूरिस्म द्वारा इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से उद्योग अकादमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का विषय ''मिशन विकसित भारत - भारतीय पर्यटन, विमानन, और आतिथ्य उद्योग को परिवर्तित करने का रोडमैप'' था। विदेश मंत्रालय के सचिव राज्य, सी राजशेखर ने संबोधित करते हुए छात्रो से कहा कि आपको अवसरों को समझना चाहिए और उनका लाभ उठाना चाहिए।




प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किया गया मिशन विकसित भारत एक बड़ी चुनौती है जिसे सबके साझा प्रयासों के जरिए हासिल किया जा सकता है।

एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद् डा. अशोक कुमार चौहान ने कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है और शीघ्र ही हम विश्व की तृतीय नंबर की अर्थव्यवस्था होगें। आज सारा विश्व, भारत भ्रमण करना चाहता है इसलिए पर्यटन और आतिथ्य सत्कार क्षेत्र में उद्योग और अकादमिक को साथ मिलकर कार्य करना होगा जिससे कुशल मानव संसाधन विकसित होगें।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर के उपाध्यक्ष रवी गोसाईं, इबीकैश ट्रैवेल सर्विसेस के सीईओ नवीन कुंडु, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला व इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स के टूरिस्म एंड एविशन कमेटी के चेयरमैन सुभाष गोयल ने भी छात्रों को संबोधित किया।

# विशेष शिविर में तेजी से फ्लैट बॉयर्स की हो रही है रजिस्ट्री

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा अमिताभ कांत समिति की सिफारिश को अमली जामा पहनाने के क्रम में नोएडा प्राधिकरण की पहल पर फ्लैट बॉयर्स की रजिस्ट्री में तेजी आई है। इसी क्रम में सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कला केन्द्र में लगातार दूसरे दिन फ्लैट बॉयर्स की रजिस्ट्री की गई।

इस शिविर में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी, तीनों उपनिबंधक तथा फ्लैट बॉयर्स एवं बिल्डर के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस दौरान सेक्टर-77 एक्सप्रेस जेनिथ सोसायटी, गुलशन होम्स, डिवाइन इंडिया लाईट बिल्डवेल प्रोजेक्ट की सोसायटी में रहने वाले 26 फ्लैट खरीददारों की रजिस्ट्री हुई। शिविर में पहले दिन 25 रजिस्ट्री हुई थीं।

एआईजी (स्टैम्प) बी.एस. वर्मा ने बताया कि काफी अवधि के बाद अपने आशियाने का इंतजार कर रहे फ्लैट बॉयर्स का सपना पूरा हो रहा है। इसके लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार के साथ-साथ नोएडा प्राधिकरण की पहल सराहनीय है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# ताऊ व उसके बेटों की तोड़फोड़

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना ईकोटेक-3 में एक व्यक्ति ने अपने ताऊ व उसके दो बेटों के खिलाफ घर के बाहर लगे कैमरे तोड़ने तथा हत्या की साजिश रचने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पूर्व में भी उस पर तथा परिजनों पर जानलेवा हमला कर चुके हैं।

ग्राम खेड़ा चौगानपुर निवासी गिरीश कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बीते 12 फरवरी की रात्रि को उसके ताऊ के लड़के सुनील ने रात मे शराब पीकर उसके घर आया और घर के बाहर लगे कैमरे को तोड़ने लगा। कैमरे तोड़ते देखकर उन्होंने जब शोर मचाया तो सुनील तथा उसका भाई भूपेंद्र कसाना मौके से फरार हो गए। गिरीश कसाना के मुताबिक जमीनी विवाद के चलते उसका ताऊ केशव सिंह तथा उसके बेटे सुनील कसाना व भूपेंद्र कसाना पिछले काफी समय से उसकी तथा परिजनों की हत्या की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने बीते साल भी उसके पिता पर जानलेवा हमला कर उनका हाथ तोड़ दिया था। इस दौरान गांव के लोगों ने दोनों पक्षों के बीच फैसला करा दिया था। बीते 10 दिसंबर 2023 को उसके ताऊ तथा उसके बेटे उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने लगे। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फावड़े से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस मामले में केशव सुनील के खिलाफ थाना ईकोटेक में मुकदमा दर्ज कराया गया था। गिरीश कुमार के मुताबिक सुनील उसे तथा उसके परिवार को कॉन्ट्रैक्ट किलरों के जरिए जान से मारने की धमकी दे रहा है।




**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-आक्शन सूचना सं: सी/ 52/ई-ऑक्शन/ नोटिस प्रकाशन/2023, दि. 11-03-2024**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से पार्किंग हेतु बोली आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटलॉग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है:-

**श्रेणी:** पार्किंग, **कैटलॉग सं.:** IZN-PARK-24-03, **एसेट विवरण:** निगोही, भोपतपुर, गंजडुण्डवारा, खटीमा, कमालगंज, बीसलपुर, बनबसा, सिकन्दराराव, शाही, भोजीपुरा, घटपुरी, बाजपुर एवं मेंडू पार्किंग स्टैंड का ई-ऑक्शन। **ऑक्शन प्रारम्भ:** 22-03-2024, 11:00 बजे, **ऑक्शन समापन:** 22-03-2024, 13:30 बजे,

**श्रेणी:** पार्सल, **कैटलॉग सं.:** IZN-PLS-24-01, **एसेट विवरण:** मंडल द्वारा संचालित विभिन्न ट्रेनों के पार्सल लीजिंग का ई-आक्शन हेतु। **ऑक्शन प्रारम्भ:** 22-03-2024, 12:00 बजे, **ऑक्शन समापन:** 22-03-2024, 16:20 बजे

**नोट:** **(1)** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से संबंधित जानकारी के लिये रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **(2)** उक्त ई-ऑक्शन आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। **(3)** ई-ऑक्शन संबंधित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम व शर्तें आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **(4)** बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। **(5)** सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से संबंधित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, इज्जतनगर

मुजाधि/वाणिज्य-296

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

# मिशन धरपकड़ : नोएडा में चप्पे-चप्पे पर बिक रहा अवैध गांजा व शराब

## 24 घंटे में नोएडा पुलिस ने पकड़े 21 बदमाश

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा बदमाशों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थान से 21 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तमंचा, कारतूस, गांजा व शराब बरामद हुई है।



थाना सेक्टर-63 प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने सेक्टर-63 में छठ घाट के पास से सौरभ पुत्र बसंत लाल निवासी चोटपुर कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। तलाशी में सौरभ के पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था। इसके अलावा थाना सेक्टर-63 पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गांजा तस्कर विकास पुत्र राजवीर के पास से एक किलो 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ है।

थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने ग्राम छपरौली के पास से जनपद बदायूं निवासी अमरपाल को गिरफ्तार किया। इसके पास से 60 पव्वे कैटरीना देशी शराब के बरामद हुए हैं।

इसी थाना क्षेत्र की पुलिस ने ग्राम गढ़ी शाहपुर पुश्ता के पास से जनपद फतेहपुर निवासी कृष्ण चंद्र को गिरफ्तार किया। इसके पास से 48 पव्वे देशी शराब के बरामद हुए।

थाना सेक्टर-20 पुलिस ने निठारी गांव में स्थित ब्लड बैंक के पास से अजय कुमार को गिरफ्तार किया। इसके पास से एक पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद हुई। पकड़े गए अजय ने बताया कि वह हरियाणा से सस्ती दरों पर शराब लाकर मजदूरों को बेचता है।

थाना सेक्टर-39 पुलिस ने की सूचना के आधार पर छलेरा गांव के पास से अमर पुत्र शहाबुद्दीन निवासी खजूर कॉलोनी को गिरफ्तार किया। तलाशी में इसके पास से तमंचा, कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था।

थाना सेक्टर-39 पुलिस ने सेक्टर-42 स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास जूस की ठेली पर देसी शराब बेच रहे जूस विक्रेता को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी लाल शाह ने बताया कि वह जूस बेचने की आड़ में शराब की बिक्री भी करता है। जूस की ठेली की तलाशी लेने पर उसमें से 38 पव्वे शराब के बरामद हुए।

थाना फेस-1 पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनि मंदिर के पास से जितेंद्र पांडे पुत्र रामानंद पांडे निवासी बिहार को गिरफ्तार किया। इसके पास से 2 किलो गांजा बरामद हुआ।

इसी थाना क्षेत्र की पुलिस ने बंजारा चौक से ओमप्रकाश उर्फ बिल्ला को हरियाणा प्रांत की एक पेटी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी ने बताया कि वह सस्ती दरों पर हरियाणा से शराब लाकर मजदूरों को बेचता है।

थाना फेस-1 पुलिस ने गंदे नाले के पास से अनमोल दीक्षित उर्फ प्रमोद को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। आरोपी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था।

थाना सेक्टर-113 पुलिस ने सेक्टर 75 के पास से खाईरूल निवासी बिहार को गिरफ्तार किया। इसके पास से एक किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

थाना सेक्टर-126 पुलिस ने चेकिंग के दौरान रायपुर गांव के पास से गोपाल पुत्र श्याम साहू को गिरफ्तार किया। तलाशी में इसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए।

थाना दनकौर पुलिस ने राजू पुत्र कृपा सिंह निवासी जहांगीराबाद को गिरफ्तार किया। इसके पास से 20 पाउच देशी शराब के बरामद हुए।

थाना जारचा पुलिस ने आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे एक बदमाश को एनटीपीसी के पास से गिरफ्तार किया। पकड़े गए बदमाश राजेश कुमार के पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ है।

थाना जेवर पुलिस ने चेकिंग के दौरान ग्राम सिवारा के पास से मनोज पुत्र खेमचंद निवासी किशोरपुरा को गिरफ्तार किया इसके पास से 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

थाना जेवर पुलिस ने मुकीमपुर सिवारा पुलिया पर शराब लेकर जा रहे वसीम पुत्र वहीद को गिरफ्तार किया। इसके पास से 95 पव्वे देसी शराब चंडीगढ़ मार्का के बरामद हुए।

थाना जेवर पुलिस ने दयानतपुर नहर कोठी के पास चैकिंग के दौरान 110 पव्वे देसी शराब चंडीगढ़ मार्का के साथ रामू पुत्र रमेश को गिरफ्तार किया है।

थाना कासना पुलिस ने शराब सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने घरबरा रोड से रामसेवक पुत्र अशर्फी मुखिया को 20 पव्वे देसी शराब तथा रमेश पुत्र चौखे लाल को 24 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने चेकिंग के दौरान कुंडली गांव के पास से सुनील कुमार पुत्र पोखर मंडल निवासी बिहार को गिरफ्तार किया। तलाशी में इसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए।

थाना रबूपुरा पुलिस को सूचना मिली कि मिर्जापुर चौराहे के पास एक व्यक्ति देसी शराब बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने नीरज पुत्र सकलदेव पासवान निवासी बिहार को दबोच लिया। इसके पास से 45 पव्वे देसी शराब के बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट तथा आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है।

# गौतमबुद्धनगर में होगी भाजपा की ऐतिहासिक जीत : प्रवेश चौहान

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक सफलता मिलेगी। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा ऐतिहासिक जीत हासिल करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अबकी बार 400 पार' के मिशन को पूरा करने में सहयोग करेंगे। यह बात कही भारतीय जनता पार्टी शहरी विकास मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा सेक्टर-93 एक्सप्रेस व्यू अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष प्रवेश कुमार चौहान ने।



जिला उपाध्यक्ष प्रवेश कुमार चौहान ने बताया कि क्षेत्र में भाजपा के आगे अभी तक समाजवादी पार्टी समेत घमंडिया गठबंधन को अभी तक प्रत्याशी तक ढूंढे नहीं मिल रहा है। ऐसे में यह दल भाजपा से क्या लड़ेंगे। इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगा दी है। लोकप्रियता की इस आंधी के आगे विपक्षी दल धराशाई हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता इस बार ऐतिहासिक जीत के लिए कमर कर चुका है।

# केयरटेकर की संदिग्ध मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के सेक्टर-125 में बने शौचालय के केयरटेकर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि सेक्टर-125 में बने शौचालय में केयरटेकर का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रारंभिक जांच में युवक के हार्ट अटैक की मौत होने की आशंका प्रतीत हो रही है। मृतक की पहचान अमरोहा निवासी मुकेश पुत्र जबर सिंह के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

# कार, ई-रिक्शा व बाइक चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस वाहन चोरों पर लगाम लगाने में विफल साबित हो रही है। वाहन चोर आए दिन लाखों रुपए के वाहनों पर हाथ साफ कर रहे हैं। अलग-अलग थाना क्षेत्र से चोर ई रिक्शा, कार सहित छह वाहनों को चोरी कर ले गए।

चोटपुर कॉलोनी निवासी दीपांशु शर्मा ने थाना सेक्टर-63 में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह ई रिक्शा चलाता है। उसने अपना ई-रिक्शा 9 फरवरी को बहलोलपुर स्थित हनुमान मंदिर के पास खड़ा किया था। ई-रिक्शा खड़ा करने के बाद वह अपने परिचित से मिलने के लिए चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो ई रिक्शा गायब था। थाना सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता स्थित सिलेक्ट सिटी के बाहर से ध्रुव कुमार की बुलेट मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पीड़ित ने थाना सूरजपुर में अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज कराया है। थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-34 में रहने वाले दिनेश कुमार के घर के बाहर से चोरों ने मोटरसाइकिल चोरी कर ली। थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव से पंकज कुमार की बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया । पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

दिल्ली निवासी लोकेश ने थाना सेक्टर-49 में दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि वह 20 जनवरी को किसी कार्य से सेक्टर 50 स्थित क्रीसेंट अपार्टमेंट आया था। उसने अपनी बाइक अपार्टमेंट के बाहर खड़ी कर दी और परिचित से मिलने चला गया। कुछ देर बाद जब वह लौटा तो उसकी बाइक गायब थी।

थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के सेक्टर-125 स्थित विंडसर आईटी पार्क से कंपनी के मैनेजर तेजस्वी की इकोस्पोर्ट फोर्ड कार पार्किंग से चोरी हो गई। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# सीनियर सिटीजन सोसाइटी व मिग्सन अल्टिमो में फ्लैट की रजिस्ट्री शुरू

## ग्रेनो प्राधिकरण व रजिस्ट्री विभाग ने मिलकर दोनों सोसाइटी में लगाया शिविर





**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पी-थ्री स्थित सीनियर सिटीजन सोसाइटी और ओमीक्रॉन थ्री स्थित मिग्सन अल्टिमो के निवासियों के लिए बृहस्पतिवार को खुशी का वह पल आ ही गया, जिसका उनको लंबे समय से इंतजार था। दोनों सोसाइटियों में रजिस्ट्री की प्रक्रिया बृहस्पतिवार को प्रारंभ हो गई है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की प्रयास से बृहस्पतिवार को सेक्टर पी-थ्री स्थित सीनियर सिटीजन सोसाइटी और ओमीक्रॉन थ्री स्थित मिग्सन अल्टिमो में फ्लैट खरीदारों के नाम रजिस्ट्री करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

प्राधिकरण और रजिस्ट्री विभाग के अधिकारीगण मौके पर जाकर कैंप लगाकर रजिस्ट्री कर रहे हैं। पहले दिन दोनों जगहों पर लगभग 20-20 रजिस्ट्री हो भी गई हैं। ओएसडी व एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव का कहना है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इन दोनों फ्लैट खरीदारों को अतिशीघ्र मालिकाना हक दिलाने के लिए दोनों सोसाइटियों में शिविर लगा दिए हैं। रजिस्ट्री करने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहेगी। दोनों सोसाइटीवासियों को अब और इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

# मीट की दुकान से बकरे चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला से चोरी का एक अजीबोगरीब मामला प्रकाश में आया है।चोर यहां से दुकान के बाहर बंधे चार बकरों व नगदी को चोरी कर ले गए।

मूल रूप से ग्राम बागवाला जनपद बुलंदशहर निवासी शोएब ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी बरौला स्थित विशाल मेगा मार्ट के पीछे मीट की दुकान है। उसकी दुकान के बाहर चार बकरे बंधे हुए थे। 3 मार्च की सुबह चोरों ने उसकी दुकान पर बंधे चार बकरे व दुकान से 30 हजार रूपए चोरी कर लिए। सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो उसे बकरे गायब तथा दुकान का शटर टूटा हुआ मिला। उसने आसपास अपने बकरों को काफी तलाशा लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# पृष्ठ एक के शेष....

**सिक्योरिटी गार्ड नहीं...**

कुछ देर बाद जब वह अपनी बाइक की चाबी लेने रिंकू के पास गया तो वह गुटका लाने के बहाने उसकी बाइक को ले गया और वापस नहीं लौटा। उसने कई बार रिंकू के फोन पर कॉल की लेकिन उसने कॉल नहीं उठाई। आशीष प्रताप सिंह के मुताबिक आरोपी उसकी बाइक को नहीं लौटा रहा है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है।

**ऑफिस की...**

13 मार्च की सुबह कंपनी में कार्यरत रिंकू सागर ने उन्हें फोन कर बताया कि ऑफिस के अंदर रखी हुई गोदरेज की अलमारी का लॉक टूटा हुआ है और वह खुली पड़ी है। सूचना के आधार पर वह तुरंत कंपनी पहुंचे तो देखा की अलमारी में रखा कैश बॉक्स गायब था। ऑफिस का बाहर का शटर और मेन दरवाजे भी खुले हुए पड़े थे। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

**कांशीराम कालोनी...**

इस दौरान किरणपाल, उसकी पत्नी पुष्पा, बेटी आरती, दुर्गा शर्मा, रेखा शर्मा आदि ने विरोध करने पर मजदूरों के साथ मारपीट की और जबरन काम को बंद करा दिया। इस दौरान मौके पर इकट्ठा लोगों ने साइट के आसपास लगे बिजली के खंभों को उखाड़ दिया तथा साइट पर लगे डीजी सेट में तोड़फोड़ की। तोड़फोड़ के बाद आरोपी निर्माण करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बिल्डर कंपनी के जीएम ने दर्ज रिपोर्ट में आशंका जताई है कि आरोपी भविष्य में भी कोई बड़ा हादसा कर सकते हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**खर्च चलाने के...**

थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने बीते दिनों मामूरा में मोबाइल की दुकान से सैमसंग मोबाइल फोन तथा एक घर से दो लैपटॉप व मोबाइल फोन चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।

**फर्जी कागजात पर...**

अपनी जन्मतिथि व शैक्षिक कागजात में कूट रचना कर जन्मतिथि बदलवा ली। तेजिंदर ने अपने फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र के जरिए वर्ष 2015 में उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल की नौकरी प्राप्त कर ली। दर्ज रिपोर्ट में कृष्ण वीर सिंह ने मांग की कि थाना सूरजपुर में तैनात कांस्टेबल तेजिंदर सिंह उर्फ तेजेंद्र सिंह के शैक्षिक प्रमाण पत्रों में जन्मतिथि की जांच की जानी चाहिए। कृष्णवीर सिंह की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**कुख्यात रवि काना...**

विकास नागर, विक्की, अफसार, राशिद अली, प्रहलाद व महकी नागर को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

बता दें कि कुख्यात स्क्रैप व सरिया माफिया रवि काना व उसके साथियों के खिलाफ एक युवती ने थाना सेक्टर 39 में गैंगरेप का मामला दर्ज कराया था। गैंग रेप का मुकदमा दर्ज होने के बाद वह भूमिगत हो गया था। पुलिस ने उसके कई साथियों को गैंगरेप के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

**गुजरात के व्यापारी...**

कुछ दिनों बाद उन्हें पता चला कि उक्त कंपनी जालसाज है। बैंक से लिये कर्ज को चुका न पाने के कारण वह अपने घर नहीं जा पा रहे हैं। पीड़ित व्यापारी का कहना है कि उनके सामने अब इच्छामृत्यु के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

व्यापारी रजत रामसुमरन चौधरी ने कंपनी के मालिक हरेन्द्र रौतेला और जयंती रौतेला जिनका ऑफिस, फिस्टेरा टॉवर-4 सेक्टर-135 में है। इन पर लाखों रूपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। व्यापारी का कहना है कि हरेन्द्र उन्हें जान से मरवाने की धमकी भी दे रहा है।

**पैदल जा रहे दो दोस्तों...**

कि दोनों युवक सेक्टर-150 में रहते थे और पैदल अपने घर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को कंगालकर आरोपी वाहन चालक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

थाना दनकौर क्षेत्र में बीते दिनों सड़क हादसे का शिकार हुई सुधा पत्नी गजेंद्र सिंह ने उपचार के दौरान यथार्थ अस्पताल में दम तोड़ दिया। सुधा का पिछले कई दिनों से अस्पताल में उपचार चल रहा था।

थाना सेक्टर-126 क्षेत्र में बीते दिनों सेक्टर-132 में सड़क हादसे में घायल हुए राहुल की प्रयाग अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। दुर्घटना के बाद राहुल को उपचार के लिए प्रयाग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं थाना इकोटेक-1 क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में राजेंद्र पुत्र रामस्वरूप निवासी मैनपुरी की मौत हो गई। पुलिस ने सभा को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**देश में चल रही है...**

सीट जीत का देश में एक बार फिर प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी चल रही है और जनता को प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है।

**आज से राशन...**

नि:शुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। उचित दर दुकान पर स्टॉक उपलब्ध होने तक गेहूं, चावल व बाजार का वितरण किया जाएगा। अंत्योदय कार्ड धारकों को चीनी के संबंध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। योजना के तहत गेहूं, चावल तथा बाजरा के नि:शुल्क वितरण की अंतिम तिथि 29.03.2024 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से नि:शुल्क वितरण संपन्न किया जा सकेगा।

उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 की सूची में सम्मिलित समस्त उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह सम्बन्धित उचित दर विक्रेताओं से अपनी-अपनी आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करें। यदि उन्हें आवश्यक वस्तुए प्राप्त करने में कोई समस्या उत्पन्न हो तो, उसके निराकरण के लिए अपनी तहसील में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक से अथवा क्रियाशील कॉलसेंटर एवं टोल फ्री नम्बर-1967 एवं 1800-1800-150 पर समस्या दर्ज करा सकते है।

**बर्तन की दुकान...**

बर्तनों के अलावा वह दुकान पर गैस रिफिलिंग का भी काम करते हैं। टीम को मौके से 5 किलो के चार, ढाई किलो के चार, साढ़े सात किलो के चार खाली तथा एचपी कंपनी के 7 घरेलू गैस सिलेंडर सिलेंडर बरामद हुए।

इसके बाद टीम ने रहमान किचन शॉप पर छापा मारा। यहां भी टीम को अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का कार्य होते हुए मिला। टीम ने दुकान से रिफिलिंग उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक कांटा तथा खाली सिलेंडर बरामद किए हैं। टीम द्वारा दुकानों पर छापेमारी की जा रही थी। इस दौरान कई लोग वहां छोटे सिलेंडर लेकर गैस रिफिलिंग के लिए भी पहुंचे लेकिन कार्रवाई की वजह से उन्हें निराश लौटना पड़ा। पूर्ति निरीक्षक ने अवैध रूप से गैस रिफिलिंग के आरोप में सलेहा प्रवीण व मोहम्मद नईम के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।






## रामलीला मैदान में जुटे किसानों को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में आई

नई दिल्ली। ऐलान के मुताबिक एमएसपी समेत विभिन्न मांगों को लेकर अनेक किसान संगठनों ने आज दिल्ली के रामलीला मैदान में पहुंचना शुरु किया है। इसे देखते हुए दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है और चारों ओर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम कर रखे हैं। किसान महापंचायत दिल्ली के रामलीला मैदान में आज होने जा रही है। किसान महापंचायत को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने भी व्यापक सुरक्षा व्यवस्था कर रखी है और चारों ओर अलर्ट किया हुआ है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीसीपी सेंट्रल एम हर्षवर्धन का कहना था कि यह सुनिश्चित करने के लिए हमने विस्तृत व्यवस्था कर रखी है कि कानून एवं व्यवस्था हर स्थिति में बनी रहे। कानून व्यवस्था को लेकर महापंचायत आयोजक समूह ने भी एक लिखित आश्वासन दिया है। इसमें कानून और व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित विभिन्न बिंदु शामिल हैं। इस तरह से हम हर स्थिति में कानून-व्यवस्था बनाए रखेंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली में बहुत ज्यादा तादाद में किसान आए हुए हैं और यह प्रक्रिया सतत जारी रहने वाली है। बावजूद इसके उम्मीद है कि एसकेएम नेता जो बता रहे थे, वो उस सीमा के तहत ही सब करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था व शांति बनाए रखने के लिए पर्याप्त बल उपलब्ध है। उम्मीद है कि बिना किसी गड़बड़ी के यहां पर सब हो जाएगा। वहीं किसान संगठनों ने आरोप लगाया है कि दिल्ली रामलीला मैदान में आयोजित महापंचायत और प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे किसान नेताओं को पुलिस ने ग्रेटर नोएडा के दनकौर में रोक लिया है। इससे सीमा पर तनाव की स्थिति निर्मित हो सकती है।

## उज्बेकिस्तान से आई महिला की बेंगुलरु के होटल में रहस्यमयी मौत

बेंगुलरु। बेंगुलरु से एक बड़ी खबर आई है। यहां के एक होटल में उज्बेकिस्तान की महिला की रहस्यमयी तरीके से मौत हो गई। पुलिस जांच में जुटी हुई है। बता दें कि चार दिन पहले उज्बेकिस्तान की रहने वाली 37 साल की जरीना चार दिन पहले टूरिस्ट वीजा पर बेंगलुरु आई थी। वहां होटल जगदीश के दूसरे फ्लोर में कमरा लेकर रह रही थी। पुलिस का कहना है कि 13 मार्च की शाम करीब 4.30 बजे होटल स्टाफ ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। जब काफी देर तक महिला ने दरवाजा नहीं खोला तब होटल स्टाफ द्वारा मास्टर की से दरवाजा खोला गया। अंदर देखा कमरे में जरीना का शव पड़ा था। होटल स्टाफ द्वारा तुरंत पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पुलिस ने रहस्यमयी मौत का केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में छानबीन लगातार जारी है। प्रथम दृष्ट्या यह मामला हत्या का लग रहा है। पुलिस का मानना है कि जरीना की गला दबाकर हत्या की गई है। जरीना के शव को फॉरेंसिक जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है। होटल में मौजूद सीसीटीवी कैमरा की फुटेज चेक की जा रही हैं।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज, सीएए को लेकर की बयानबाजी

सोनभद्र। राष्ट्रिय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ सोनभद्र जिले के मांची थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। स्वामी प्रसाद पर सीएए को लेकर नफरती बयानबाजी, धार्मिक भावनाएं भड़काने और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बिंदु खरवार की तहरीर पर पुलिस ने स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। दरअसल, सीएए लागू होने के बाद स्वामी प्रसाद ने एक पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने सीएए लागू करने की घोर निंदा की थी। उन्होंने लिखा, नागरिकता संसोधन विधेयक (सीएए) कानून लागू करना केंद्र सरकार का जन विरोधी निर्णय है, जो आदिवासी, दलित, पिछड़ा, गरीब, अल्पसंख्यक विरोधी भी है। सैकड़ो वर्षो से जंगलों में रहने वाले आदिवासियों तथा घूमन्तु जनजातियों, ग्राम समाज की जमीन पर बसे दलितों, पिछड़ो, गरीबों, वंचितों, अल्पसंख्यकों के पास आज भी राजस्व अभिलेख उपलब्ध नहीं है, इस कानून के माध्यम से इसतरह के करोड़ों लोगों को प्रताड़ित करने व कब्जे से बेदखल कर नागरिकता से वंचित करने का घिनौना साजिश है। इस जन विरोधी कानून की मैं घोर निंदा करता हूं। बाराडाड़ गांव निवासी खरवार ने अपने तहरीर में है कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने सैकड़ों वर्षों से जंगलों में रहने वाले आदिवासियों और घुमंतू जनजातियों, ग्राम समाज की जमीन पर बसे दलितों, पिछड़ों, गरीबों, वंचितों, अल्पसंख्यकों को नागरिकता से वंचित करने की बात कही है। इस लेकर क्षेत्र के जनजातियों में तरह-तरह की अफवाहें फैल रही हैं।

## दानिश अली ने सोनिया गांधी से मुलाकात कर, अमरोहा सीट से चुनाव लड़ने की बात कही

नई दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से निलंबित लोकसभा सदस्य दानिश अली ने गुरुवार को कांग्रेस संसदीय दल की नेता और पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। बताया जाता है कि वे अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। अली ने कहा कि उन्होंने अमरोहा सीट से लोकसभा में अपनी दूसरी पारी के लिए ''सोनिया गांधी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने सोनिया गांधी से मुलाकात की तस्वीर साझा कर पोस्ट किया, त्याग की प्रतिमूर्ति सोनिया गांधी का आशीर्वाद पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उनका दिल भारत के गरीबों के लिए धड़कता है। उनकी अध्यक्षता वाली एनएसी (राष्ट्रीय सलाहकार परिषद) ने



मनरेगा, आरटीआई, शिक्षा का अधिकार, खाद्य सुरक्षा जैसे ऐतिहासिक, गरीब हितैषी और पारदर्शी कानूनों को बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई। बताया जा रहा हैं कि समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में उत्तर प्रदेश की जो 17 लोकसभा सीटें कांग्रेस के खाते में आई हैं, उसमें अमरोहा भी शामिल है। दानिश अली पिछले महीने अमरोहा में राहुल गांधी की अगुवाई वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल हुए थे। वह गत 14 जनवरी को मणिपुर में इस यात्रा की शुरुआत के मौके पर भी इसका हिस्सा बने थे। अली को पिछले साल नौ दिसंबर को बसपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पार्टी से निलंबित कर दिया था।

## समाजसेवी सुधा मूर्ति ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली, सभापति धनखड़ ने उन्हें शपथ दिलाई

नई दिल्ली। समाजसेवी सुधा मूर्ति ने गुरुवार को अपने पति एन आर नारायण मूर्ति की मौजूदगी में राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन स्थित अपने कक्ष में उन्हें शपथ दिलाई। इस मौके पर सदन के नेता पीयूष गोयल भी उपस्थित थे। इंफोसिस फाउंडेशन की पूर्व अध्यक्ष और बच्चों के लिए कई किताबें लिख चुकीं सुधा मूर्ति (73) को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था। कन्नड़ और अंग्रेजी साहित्य में योगदान के लिए प्रख्यात सुधा मूर्ति को साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार, पद्म श्री (2006) और पद्म भूषण (2023) जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। सुधा मूर्ति व्यावसायिक वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा इंजिनीयरिंग एंड लोकोमोटिव कंपनी लिमिटेड (टेल्को) के साथ काम करने वाली पहली महिला इंजीनियर थीं। इंफोसिस शुरू करने के लिए उन्होंने अपने पति को अपनी आपातकालीन निधि से 10,000 रुपये दिए थे, जिसका अब बाजार पूंजीकरण 80 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक है। उनकी बेटी अक्षता की शादी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से हुई है।

## अभद्र टिप्पणी मामले में बयान दर्ज करने एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंची जया प्रदा

मुरादाबाद। अपने खिलाफ अभद्र टिप्पणी के मामले में रामपुर की पूर्व सांसद और अभिनेत्री जया प्रदा मुरादाबाद एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुईं। जया प्रदा गुरुवार को मुरादाबाद कोर्ट में अपना बयान दर्ज करवाने पहुंची थीं। 2019 के अभद्र टिप्पणी मामले में सपा नेता आजम खान, सांसद एसटी हसन सहित अन्य आरोपी हैं। जया प्रदा काफी समय से कोर्ट में हाजिर नहीं हो रही थीं, इसकारण उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिए गए थे। जिसके बाद गुरुवार को उन्होंने कोर्ट में पेश होकर अपने बयान दर्ज करवाए। मीडिया से बात कर जया प्रदा ने एसटी हसन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कहा यह लड़ाई बेटियों और बहनों की है, ताकि हसन जैसे लोग उनका शोषण ना कर सके। मेरे ऊपर की गई अभद्र टिप्पणी छोटी सोच रखने वाले नेताओ की मानसिकता को दिखाती है। मैं देश की अन्य महिलाओं के लिए हमेशा संघर्ष करती रहूंगी।

# सुप्रीम कोर्ट की अजितगुट पर सख्त टिप्पणी, चुनाव के लिए शरद पवार की तस्वीर की जरुरत क्यों



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एनसीपी चुनाव चिह्न विवाद पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अजित पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) गुट से शरद पवार की तस्वीर और नाम का इस्तेमाल नहीं करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने अजित गुट से कहा कि वह किसी भी भ्रम से बचने के लिए दूसरा चुनाव चिह्न लेने पर विचार करें।

शरद पवार की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अजित गुट की एनसीपी घड़ी के निशान और शरद पवार के चेहरे का उपयोग करके लोगों को गुमराह कर रही है। सिंघवी ने कहा, आप घड़ी और शरद की तस्वीर का उपयोग कैसे कर सकते हैं? यह सरासर धोखा है। इतना ही नहीं अजित गुट के नेता कहते हैं कि इसका उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में उनके लाभ के लिए किया जाएगा।

जस्टिस सूर्यकांत और के.वी. की पीठ विश्वनाथन ने मामले की सुनवाई कर अजित गुट की ओर से पेश वकील से कहा कि पार्टी को हलफनामा देना चाहिए कि वह अपने सदस्यों को शरद पवार की तस्वीर का इस्तेमाल करने से रोकेगी। पीठ ने अजित गुट से कहा कि अब जब आप दो अलग-अलग संस्थाएं हैं,तब केवल अपनी पहचान के साथ ही जाएं। पीठ ने सख्त टिप्पणी कर कहा कि जब चुनाव आता है, तब आपको उनके चेहरे की जरूरत होती है और जब आप चुनाव जीत जाते हैं, तब आप पार्टी छोड़ देते हैं।

इसके पहले 19 फरवरी को शीर्ष अदालत ने एनसीपी संस्थापक शरद पवार और उनके गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के नाम से काम करने की अनुमति दी थी। ईसीआई ने राज्यसभा चुनाव में भाग लेने के लिए एक बार के उपाय के रूप में 7 फरवरी को एक आदेश में शरद पवार गुट को नया नाम आवंटित किया था। इसके अलावा सुनवाई के दौरान एक और अंतरिम राहत में पीठ ने शरद पवार गुट को पार्टी चिह्न के लिए आवेदन करने की अनुमति दे दी।

## अयोध्या से ब्राह्मण उम्मीदवार उतारेंगी मायावती!

लखनऊ। बीएसपी सुप्रीमो मायावती, सच्चिदानंद पांडे सचिन को अयोध्या में अपना उम्मीदवार बना सकती हैं। सचिन ने हाल ही में भाजपा से अपना इस्तीफा दिया है। 13 मार्च को उन्होंने बीजेपी की सदस्यता से इस्तीफा दिया। इसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे हैं कि वो बीएसपी की टिकट पर अयोध्या लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। पांडे ने बीजेपी को जो इस्तीफा भेजा था, उसमें उन्होंने कहा था कि अब मुझे पार्टी में बने रहने पर घुटन महसूस हो रही है, जिसकी वजह से अब बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा भेज रहा हूं। अंबेडकरनगर जिला अध्यक्ष के भेजे अपने पत्र में पांडे ने लिखा, मैं एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी की सेवा करता चला आ रहा हूं, लेकिन पूर्व की और अब की भाजपा में सब कुछ बदल चुका है, जिसमें कार्यकर्ताओं को



बढ़ाने, उन्हें सम्मान देने और आगे बढ़ाने की बजाय पार्टी आयातित और धनबल से परिपूर्ण लोगों को ही तवज्जो देती है। उन्होंने कहा, पार्टी जिस सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की बात करती है, असव में वह महज एक जुमला मात्र ही बनकर रह गया है, जबकि धरातल पर न तो इस नीति का कोई क्रियान्वयन है न ही विचारधारा में कहीं इसका असर है। जिसका प्रतिफल है कि जनपद के दलित-पिछड़े, अल्पसंख्यक और सामान्य समेत सभी वर्ग हतप्रभ और नाखुश हैं।

# सीएए नागरिकता देने के लिए है, छीनने के लिए नहीं : अनुराग ठाकुर

**हमीरपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम एक ऐसा कानून है जो बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देगा, किसी की नागरिकता छीनेगा नहीं। केंद्र सरकार ने सोमवार को सीएए, 2019 को लागू करने की घोषणा की। विवादास्पद कानून को पारित किये जाने के चार साल बाद केंद्र के इस कदम से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत आने वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने का रास्ता साफ हो गया है।

सीएए के नियम जारी हो जाने के साथ ही अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार इन तीन देशों के प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) को भारतीय नागरिकता देना शुरू कर देगी। ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा,



''सीएए नागरिकता देने के लिए है, छीनने के लिए नहीं।'' हमीरपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और उन्हें ''दुनिया का सबसे बड़ा झूठा'' करार दिया।

आप प्रमुख द्वारा लोकसभा चुनाव से पहले सीएए के कार्यान्वयन को भाजपा की ''वोट बैंक की गंदी राजनीति'' बताए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए ठाकुर ने कहा, ''केजरीवाल इस बात का उदाहरण हैं कि कैसे एक शिक्षित व्यक्ति भी भ्रंतियां फैलाने का काम करता है।'' केजरीवाल ने बुधवार को कहा था, ''इस कानून के जरिए केंद्र की भाजपा सरकार ने पाकिस्तान और बांग्लादेश से बड़ी संख्या में गरीब अल्पसंख्यकों के भारत आने के द्वार खोल दिए हैं।''

ठाकुर ने कांग्रेस पर भी हमला बोला और कहा कि पार्टी के पास लोगों के लिए न तो कोई नीति है और न ही जनता के हितों के लिए कोई कार्यक्रम है। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ''टुकड़े-टुकड़े गैंग'' का समर्थन करती है और देश को बांटना चाहती है, जबकि मोदी देश के हित की बात करते हैं। ठाकुर ने उन्हें लगातार पांचवीं बार हमीरपुर सीट से मैदान में उतारने के लिए भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## केजरीवाल ने पहले कहा पेश होंगे, तारीख नजदीक आई तो कोर्ट पहुंच गए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल लंबे समय से ईडी की पूछताछ से बच रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कुछ शर्तो के साथ ईडी को भरोसा दिलाया था कि वे कोर्ट में 16 मार्च को पेश होंगे। पेशी की तारीख आती इससे पहले ही केजरीवाल ने अदालत का दरवाजा खटखटा दिया।



कथित शराब घोटाले में ईडी के समन को दरकिनार किए जाने की वजह से केजरीवाल के खिलाफ जांच एजेंसी ने शिकायत की थी। केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने को कहा गया था। अब उन्होंने अदालत के समन के खिलाफ सेशंस कोर्ट में याचिका दायर की है। राउज ऐवेन्यू कोर्ट में स्पेशल जज राकेश स्याल के सामने मामले को सूचीबद्ध किया गया है। केजरीवाल को 4 मार्च, 26 फरवरी, 19 फरवरी, 2 फरवरी, 18 जनवरी, 3 जनवरी, पिछले साल 22 दिसंबर और 2 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। अडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा ने ईडी की पहली शिकायत पर केजरीवाल को 17 फरवरी को बुलाया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री उस दिन वर्चुअल माध्यम से कोर्ट के सामने हाजिर हुए और बजट सत्र में व्यस्तता का हवाला देकर छूट की गुजारिश की। उन्होंने कोर्ट से अगली तारीख की मांग करते हुए कहा था कि वह खुद हाजिर होंगे। अदालत ने उनकी अपील को स्वीकार करते हुए 16 मार्च को व्यक्तिगत तौर पर पेश होने को कहा था।

ईडी ने समन को नजरअंदाज किए जाने की वजह से 3 फरवरी और 6 मार्च को मजिस्ट्रेट कोर्ट में शिकायत की थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने केजरीवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 174 के तहत केस चलाने की मांग की है। लोकसेवक के आदेश पर हाजिर नहीं होने पर इस धारा के तहत केस चलाया जाता है। इसमें दोषी करार दिए जाने वाले व्यक्ति को एक महीने तक जेल और 500 रुपए जुर्माने की सजा हो सकती है। दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए बुलाते हुए ईडी ने केजरीवाल को अब तक कुल 8 समन भेजे हैं। इसके बाद ईडी ने अंतिम तीन समन को लेकर भी केजरीवाल के खिलाफ कोर्ट में शिकायत दायर की। मल्होत्रा ने इसका संज्ञान लेकर केजरीवाल को कोर्ट में 16 मार्च को खुद पेश होने को कहा। ईडी ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्हें (केजरीवाल) को यह जानने का कोई लीगल हक नहीं है कि उन्हें गवाह के तौर पर बुलाया जा रहा है या फिर आरोपी के रूप में। जांच एजेंसी ने उन पर जानबूझकर समन को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। एजेंसी ने कहा था कि केजरीवाल को उनकी और कुछ अन्य लोगों की भूमिका के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

## गया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहती है मांझी की पार्टी

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट कर दिया कि वह गया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना



चाहती है, जो अभी जद (यू) के पास है। नीतीश कुमार कैबिनेट में मंत्री और मांझी के बेटे संतोष सुमन ने यह बयान उन अटकलों के एक दिन बाद दिया है कि राजग में सीट बंटवारे का फॉर्मूला तैयार हो गया है और हम को राज्य की 40 सीटों में से केवल एक सीट मिलने की संभावना है। एक दिन पहले दिल्ली में लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान की भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई मुलाकात के बाद लगायी जा रही अटकलों के बारे में पूछे जाने पर सुमन ने पत्रकारों से कहा कि वे ऐसी अपुष्ट खबरों विश्वास नहीं करते। उन्होंने कहा कि हम सभी से बिहार में राजग सीट बंटवारे पर औपचारिक घोषणा की प्रतीक्षा करने का आग्रह करेंगे। मीडिया के एक वर्ग में आयी खबरों के अनुसार भाजपा और जदयू क्रमशः 17 और 16 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे जबकि चिराग को पांच सीटें दी गई हैं जिसमें हाजीपुर लोकसभा सीट भी शामिल है, जो उनके दिवंगत पिता राम विलास पासवान का गढ़ माना जाता है। वर्तमान में यह सीट चिराग के चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के पास है। मांझी की हम और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक-एक सीट दिए जाने की उम्मीद है। सुमन से गया सीट पर उनकी पार्टी के दावे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''हमारी पार्टी ने कई जगहों पर अपना कैडर बनाया है, हालांकि गया का एक विशेष स्थान है और प्रबल इच्छा है कि ''हम'' कार्यकर्ता को इस सीट से चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाए। बिहार विधान परिषद के लिये बृहस्पतिवार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए सुमन के बारे में कहा जा रहा है कि वह स्वयं गया सीट से इस बार चुनाव लड़ सकते हैं।

## माफिया मुख्तार अंसारी जज के सामने रोया गिड़गिड़ाया, इतना दुखी कि इफ्तारी भी नहीं की

**कानपुर (एजेंसी)।** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी को 36 साल पुराने शस्त्र लाइसेंस मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट वाराणसी के विशेष न्यायाधीश अवनीश गौतम की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। एमपी/एमएलए कोर्ट वाराणसी ने नौ महीने बाद ही मुख्तार अंसारी को दूसरी बार उम्रकैद की सजा सुनाई है। पहले अवधेश राय हत्याकांड में सजा सुनाई थी। अब गाजीपुर के फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुआ मुख्तार जज के सामने गिड़गिड़ाने लगा और सिर पकड़कर बैठ गया। दुखी होने के कारण बुधवार शाम को इफ्तार भी नहीं किया। सुरक्षा कारणों के चलते अंसारी को बांदा जेल से वाराणसी नहीं भेजा गया है। हालांकि वह वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जोड़ा गया। जेल सूत्र



बताते हैं कि दोपहर बाद जैसे ही कोर्ट ने मुख्तार को उम्रकैद व जुर्माने की सजा सुनाई गई वह सिर पकड़ कर बैठ गया। ब्लड प्रेशर की समस्या होने से अफसर घबरा गए और उसे तत्काल बैरक पर भेज दिया गया। दो बार डॉक्टर ने मुख्तार का स्वास्थ्य परीक्षण किया। हालांकि डॉक्टरों ने ब्लड प्रेशर को सामान्य बताया। सीसीटीवी के जरिए मुख्तार पर कड़ी नजर रखी गई। बताया गया कि शाम को मुख्तार की इफ्तार की प्लेट तैयार की गई तो उसेने पानी पीकर रोजा खोला और कुछ भी नहीं खाया। मुख्तार की इस हालत पर अन्य बंदी भी काफी दुखी दिखे।

# मौलाना तौकीर को गिरफ्तार करने में नाकाम रही पुलिस

**-देर रात खाली हाथ लौटी, कोर्ट ने दिया 19 मार्च तक का समय**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** बरेली,(ईएमएस)। बरेली दंगा मामले में गिरफ्तारी से बचते फिर रहे मौलाना तौकीर पुलिस की जद से दूर ही है। पुलिस का कहना है कि मौलाना का मोबाइल फोन कभी ओपन होता है तो कभी क्लोज बता देता है। उनके मोबाइल की लोकेशन भी लगातार बदलती दिखी है। एक समय मौलाना की लोकेशन हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह रही तो कभी ओखला और कभी जामा मस्जिद मिली थी। पुलिस इन जगहों पर जब तक पहुंचती थी तब तक या तो मोबाइल फोन बंद हो जाता या फिर लोकेशन ही बदल जाती थी।

गौरतलब है कि पुलिस टीम दिल्ली में बरेली दंगा मामले में मौलाना तौकीर रजा की तलाश में जुटी हुई है। सीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोबाईल लोकेशन पर अनेक क्षेत्रों में दबिश भी दी, लेकिन मौलाना हाथ नहीं लगा और रात के समय मौलाना का मोबाइल फोन भी बंद दिखाने लगा। पुलिस पर पहले ही मौलाना को गिरफ्तार नहीं करने के आरोप लगे हैं और इसके चलते



प्रेमनगर इंस्पेक्टर पर एसएसपी जांच शुरू कराई जा चुकी है। इसके चलते ही कोर्ट ने सीओ प्रथम को मौलाना तौकीर को गिरफ्तार करने की जिम्मेदारी दी है। इसके बाद ही मंगलवार को पुलिस ने दिल्ली में मौलाना की तलाश शुरू की थी। मौलाना तौकीर के पुलिस से दूर होने और बचने की वजह उनके मोबाइल फोन की लगातार लोकेशन बदलने से लेकर बार-बार मोबाईल बंद होना बताया जा रहा है। पुलिस को शुरु में मौलाना की लोकेशन हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर मिली, लेकिन उसके बाद कभी ओखला तो कभी जामा मस्जिद की लोकेशन मिलने लगी। जब तक पुलिस लोकेशन वाली जगह पहुंचती तब तक मौलाना तौकीर का मोबाईल ही बंद हो जाता और कुछ देर बाद ही नई लोकेशन के साथ मोबाईल ऑन शो करने लगता। अब चूंकि अदालत के समक्ष पेश होकर टीम को जवाब भी देना था, सो देर पुलिस की टीम खाली हाथ वापस लौट आई।

वहीं दूसरी तरफ मौलाना तौकीर के गनर जरुर बरेली पुलिस की टीम को हजरत निजामुद्दीन दरगाह के समीप मिले, जिन्होंने बताया कि 7-8 मार्च को उन दोनों को घर में ही रहने का कहकर मौलाना तौकीर अपने आवास से हैदराबाद एक मीटिंग में जाने का कहकर निकले हैं। उसके बाद से उनका पता नहीं है। पुलिस टीम ने मौलाना के दोनों गनर्स को फिलहाल दिल्ली में ही रहकर सुरागरशी करने को कहा है।

इस पूरे मामले में सीओ प्रथम संदीप कुमार सिंह का कहना था कि कोर्ट ने अगली तारीख तक मौलाना तौकीर को गिरफ्तार करने का समय दे दिया है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस अवधि में मौलाना तौकीर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया जाएगा। दरअसल एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट ने बुधवार को मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ एक और गैर जमानती वारंट जारी किया है। 19 मार्च तक मौलाना को गिरफ्तार कर पेश कराने की जिम्मेदारी एसएसपी को सौंपी गई है।

# भारत की मानव विकास सूचकांक रैंकिंग में सुधार, 134वें स्थान पर पहुंचा देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में से 134वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि 2021 में 191 देशों में से 135वें स्थान पर थी। लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई) 2022 में, भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में से 108वें स्थान पर है। GII-2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में इसकी रैंक 122 थी।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि यह जीआईआई-2021 की तुलना में जीआईआई-2022 में 14 रैंक की महत्वपूर्ण छलांग दर्शाता है। हालाँकि, देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लिंग अंतर भी है - महिलाओं (28.3 प्रतिशत) और पुरुषों (76.1 प्रतिशत) के बीच 47.8 प्रतिशत का अंतर। संयुक्त राष्ट्र मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में से 134वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि 2021 में 191 देशों में से 135वें स्थान पर थी।

लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई) 2022 में, भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में से 108वें स्थान पर है। GII-2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में इसकी रैंक 122 थी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि यह जीआईआई-2021 की तुलना में जीआईआई-2022 में 14 रैंक की महत्वपूर्ण छलांग दर्शाता है। हालाँकि, देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लिंग अंतर भी है - महिलाओं (28.3 प्रतिशत) और पुरुषों (76.1 प्रतिशत) के बीच 47.8 प्रतिशत का अंतर।

2021 में अपने एचडीआई मूल्य में गिरावट के बाद और पिछले कुछ वर्षों में एक सपाट प्रवृत्ति के बाद, भारत का एचडीआई मूल्य 2022 में बढ़कर 0.644 हो गया है, जिससे देश को हाल ही में जारी 2023/24 मानव विकास में 193 देशों और क्षेत्रों में से 134 वें स्थान पर रखा गया है। 2021 में 0.633 की तुलना में अपने एचडीआई मूल्य में 0.644 की मामूली वृद्धि के कारण भारत 2021 में 191 देशों में से 135वें स्थान पर रहा। डेटा को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की रिपोर्ट 'ब्रेकिंग द ग्रिडलॉक- रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन ए पोलराइज्ड वर्ल्ड' में प्रकाशित किया गया था। यह 2021-2022 मानव विकास रिपोर्ट के निष्कर्षों पर आधारित है, जिसमें वैश्विक एचडीआई मूल्य में पहली बार लगातार दो वर्षों में गिरावट देखी गई। रिपोर्ट से पता चला कि जहां अमीर देशों ने रिकॉर्ड मानव विकास हासिल किया, वहीं आधे गरीब देशों की प्रगति संकट-पूर्व स्तर से नीचे बनी हुई है। 2022 में, भारत ने सभी एचडीआई संकेतकों में सुधार देखा - जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) और जीवन प्रत्याशा 67.2 से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गई, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष 12.6 तक पहुंच गए, स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष बढ़कर 6.57 हो गए। और प्रति व्यक्ति जीएनआई में 6,542 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 6,951 अमेरिकी डॉलर हो गई। इसके अलावा, भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में प्रगति प्रदर्शित की है। रिपोर्ट के अनुसार, देश का ल्द्धद्ध मान 0.437 वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत से बेहतर है।

भारत ने पिछले कुछ वर्षों में मानव विकास में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है। 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष 4.6 वर्ष बढ़ गए हैं और स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष 3.8 वर्ष बढ़ गए हैं। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 0.644 के एचडीआई मान के साथ, नवीनतम एचडीआर भारत को मध्यम मानव विकास श्रेणी में रखता है। 1990 और 2022 के बीच, देश में एचडीआई मूल्य में 48.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 1990 में 0.434 से बढ़कर 2022 में 0.644 हो गई। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी प्रगति दिखाई है और जीआईआई-2022 में 166 देशों में से 108वें स्थान पर है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'जीआईआई तीन प्रमुख आयामों - प्रजनन स्वास्थ्य, सशक्तिकरण और श्रम बाजार में लैंगिक असमानताओं को मापता है। देश का जीआईआई मूल्य 0.437 वैश्विक औसत 0.462 और दक्षिण एशियाई औसत 0.478 से बेहतर है। प्रजनन स्वास्थ्य में भारत का प्रदर्शन मध्यम मानव विकास समूह या दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तुलना में बेहतर है। 2022 में भारत की किशोर जन्म दर 16.3 (15-19 वर्ष की आयु की प्रति 1,000 महिलाओं पर जन्म) थी, जो 2021 में 17.1 से सुधार है।



## बीएनपी परीबस ओपन में नवारो ने सबालेंका को हराकर सबको हैरान किया

**इंडियन वेल्स ।** अमेरिका की एम्मा नवारो ने बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के चौथे दौर में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन रुस की एरिना सबालेंका को 6-3, 3-6, 6-2 से हराकर एक बड़ा उलटफेर किया है। इस जीत के साथ ही नवारो क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। ये नवारो के करियर की सबसे बड़ी जीत है। इसी के साथ ही वह अपने करियर में चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। वहीं एक अन्य मुकाबले में अमेरिका की कोको गॉफ ने एलिसे मर्टेंस को 6-0, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। इससे पहले तीसरे दौर में मर्टेंस ने जापान की नाओमी ओसाका को हराया था। दूसरी ओर पुरूष वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-4, 6-4 से पराजित किया। एक अन्य मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने गाएल मोंफिल्स को 3-6, 7-6, 6-4 से हराया। इसके अलावा टॉमी पॉल ने इटली के लुका नारडी को 6-4, 6-3 से हराकर बाहर कर दिया।

# मुम्बई ने विदर्भ को हराकर 42 वीं बार रणजी खिताब जीता

### वाडकर का शतक बेकार गया



मुंबई (ईएमएस)। मुम्बई ने यहां रणजी ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में विदर्भ को 169 रनों से हराकर 42वीं बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीता है। मुम्बई ने इस मैच में विदर्भ को 538 रनों का कठिन लक्ष्य दिया था। जिसके जवाब में विदर्भ की टीम अपनी दूसरी पारी में 368 रन ही बना पायी। इस हार के साथ ही विदर्भ की तीसरी बार खिताब जीतने की उम्मीदें भी टूट गयी हैं। वहीं मुंबई ने 8 साल बाद इस खिताब पर कब्जा किया है।

इस मैच की दूसरी पारी में भी विदर्भ की टीम टिक नहीं पायी। फाइनल मैच में 538 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए विदर्भ ने अपने चार विकेट 133 रनों पर ही गंवा दिये। इसके बाद करुण नायर और कप्तान अक्षय वाडकर ने पांचवें विकेट के लिए 90 रनों की साझेदारी कर पारी को संभालने का प्रयास किया। मुशीर खान ने करुण को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया। करुण नायर के आउट होने के बाद अक्षय वाडकर और हर्ष दुबे ने मिलकर छठे विकेट के लिए 130 रन बनाये। विदर्भ के लिए वाडकर ने शतकीय पारी खेली। वहीं, हर्ष दुबे ने 65 रन बनाए थे पर वह टीम को जीत नहीं दिला सके. विदर्भ की बैटिंग इस मैच में थोड़ी निराशाजनक रही। पहली पारी में मुम्बई के 224 रनों के जवाब में विदर्भ 105 रन पर ही आउट हो गई थी। मुंबई ने दूसरी पारी में 418 रन बनाकर विदर्भ के सामने 538 रन की लक्ष्य रखा था। जिसे टीम हासिल नहीं कर पायी। मुंबई के लिए दूसरी पारी में पृथ्वी शॉ 11 रन जबकि भूपेन ललवानी 18 रन ही बना पाये। मुशीर खान ने 136 रन की शतकीय पारी खेली थी। वहीं अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर ने क्रमशः 73 और 95 रन बनाए थे।

### खास खबर



## वाटसन को कोच के लिए 20 लाख डॉलर देने तैयार है पीसीबी

**कराची ।**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि वह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन को कोच के तौर पर 20 लाख डॉलर देने को तैयार है। वाटसन ने इससे पहले पीसीबी से कहा था कि वह कोच बनने के लिए 20 लाख डॉलर की फीस लेंगे जिसे बोर्ड ने स्वीकार कर लिया है। वाटसन ने हालांकि अभी तक कोच बनने के लिए अपनी मंजूरी नहीं दी है। बोर्ड के सूत्रों के अनुसार वाटसन ने सालाना 20 लाख डॉलर मांगे हैं जो प्रतिमाह करीब चार करोड़ रुपए होते हैं। यह पाकिस्तान में किसी विदेशी कोच की सबसे अधिक फीस होगी। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व विदेशी कोच रिचर्ड पायबस, बॉब वूल्मर, ज्यौफ लॉसन, डेव वाटमोर, ग्रांट ब्राडबर्न और मिकी आर्थर को काफी कम रकम मिलती थी। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार , 'ऑस्ट्रेलिया में वाटसन का परिवार है और अमेरिकी मेजर लीग से भी उसका समझौता है। । ऐसे में वह सभी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इसका कारण ये है कि पीसीबी चाहता है कि वह ज्यादातर समय पाक में रहकर घरेलू स्तर पर खिलाड़ियों को तैयार करे। वाटसन ने इस कारण से भी अब तक कोच का अनुबंध नहीं किया है क्योंकि पाक में अभी पीसीबी के साथ ही कोचिंग स्टाफ में फेरबदल चल रहा है। वाटसन इस समय पीएसएल में क्वेटा ग्लेडिएटर्स के कोच हैं। उन्हें कोच के तौर पर लंबा अनुभव है। वह आईपीएल में भी कोच रहे हैं।

## आईपीएल के लिए अभ्यास कर रहे रिंकू के शॉट से चोटिल हुआ बच्चा

**नई दिल्ली ।**

आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह आजकल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तैयारियों में लगे हैं। आईपीएल में रिंकू कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से खेलेंगे। रिंकू अभ्यास सत्र के दौरान शानदार फार्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अभ्यास के दौरान एक जबरदस्त छक्का लगाया जिससे एक बच्चे को चोट लग गयी। इससे दुखी रिंकू उस बच्चे के पास पहुंच गये और उसका हाल जाना। इसका एक वीडियो भी आया है। इसमें रिंकू उस बच्चे के पास जाकर माफी भी मांगते हैं। इसके बाद चोटिल बच्चे से पूछते हैं, ' ज्यादा तो नहीं लगी. कहां लगी?' इसके बाद टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर भी उस बच्चे के पास आते हैं और हैट उतारक उस बच्चे को दे देते हैं।फिर रिंकू पूछते हैं और कुछ चाहिए छोटू। इसपर बच्चा कहता है ऑटोग्राफ। इसपर रिंकू उसके हैट पर अपने ऑटोग्राफ भी देते हैं। रिंकू के लिए आईपीएल 2023 का पिछ्ला सत्र शानदार रहा था जिसमे उन्होंने एक ही ओवर में पांच छक्के लगाकर सभी का ध्यान खींचा था। इसी के बाद रिंकू को भारतीय टीम में भी जगह मिली। रिंकू ने अबतक 15 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 356 रन बनाये हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 176.23 का रहा है जबकि बल्लेबाजी औसत 89 का रहा है। रिंकू ने इस दौरान दो अर्धशतक भी लगाये हैं। अब वह आईपीएल सत्र में शतक लगा चुके हैं। टी20 विश्व कप 2024 के लिए रिंकू सिंह का टीम इंडिया में चयन तय माना जा रहा है।

# फाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगे रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस



**नई दिल्ली,**

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन सत्र में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के रोमांचक मिश्रण को देखते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन इसका परिणाम उस तरह से नहीं निकला, क्योंकि आरसीबी लगातार अपने पहले पांच मैच हार गई और नॉकआउट में नहीं पहुंच पायी, जबकि मुंबई इंडियंस ने खिताब जीता। लेकिन इस बार आरसीबी नॉकआउट में प्रवेश करने में कामयाब रही है, एक लक्ष्य जिसे वे बल्ले और गेंद दोनों के साथ बेहतर प्रदर्शन के माध्यम से हासिल करने के लिए उत्सुक थे। शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम में, स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी रविवार को मजबूत दिल्ली कैपिटल के खिलाफ खिताबी भिड़ंत तय करने के उद्देश्य से हाई-स्टेक एलिमिनेटर में हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। प्लेऑफ़ में प्रवेश करने के लिए, आरसीबी को दो काम करने थेः अपने आखिरी दो लीग मैचों में डीसी और एमआई को हराना। जबकि वे 23,453 दर्शकों के सामने एक रन से डीसी को हराने से चूक गए, यूपी वॉरियर्स की गुजरात जायंट्स से आठ रन से हार ने आरसीबी की नॉकआउट में प्रवेश की उम्मीदों को फिर से जगा दिया। अगले दौर में प्रवेश करने का उनका समीकरण, सीधे शब्दों में कहें तो, उनके अपने हाथों में था: एमआई को हराना, कुछ ऐसा जो उन्होंने डब्ल्यूपीएल में पहले कभी नहीं किया था। नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने के लिए आरसीबी का मार्ग एलिस पेरी के स्विंग और सीम के आश्चर्यजनक प्रदर्शन से प्रशस्त हुआ, जिसने एमआई की बल्लेबाजी को सनसनीखेज 6-15 प्रदर्शन से ध्वस्त किया, जो अब तक का सबसे अच्छा डब्ल्यूपीएल आंकड़ा है, जिसने गत चैंपियन को 113 रन पर आउट कर दिया। बाद में, उसने बल्ले से 38 गेंदों में 40 रन बनाए, ऋचा घोष के साथ 76 रनों की साझेदारी की, जो 28 गेंदों में 36 रन बनाकर नाबाद रहीं। टूर्नामेंट में अब तक आरसीबी को स्मृति के रन (आठ मैचों में 259 रन) और एक लीडर के रूप में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। एलिस अपने हरफनमौला कौशल (246 रन और छह विकेट) के साथ शीर्ष स्तर पर रही हैं, जबकि ऋचा बल्ले और दस्तानों के साथ अच्छा समय बिता रही हैं (226 रन, दो कैच, चार रन-आउट और आठ स्टंपिंग के साथ)। गेंद के साथ, आशा शोभना लीग चरण में नौ विकेट लेकर उनकी अग्रणी विकेट लेने वाली गेंदबाज रही हैं, साथ ही सोफी मोलिनक्स, सब्बिनेनी मेघना, जॉर्जिया वेयरहैम, श्रेयंका पाटिल (जिन्होंने आखिरी गेम में अपने टखने को घायल कर लिया था) और रेनुका सिंह ठाकुर ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें इस बात से सावधान रहने की जरूरत है कि खेल में किसी भी समय विपक्षी टीम को हावी न होने दें, चाहे वह बल्ले से हो, गेंद से हो या मैदानी क्षेत्ररक्षण से हो।

उन्हें महत्वपूर्ण एलिमिनेटर में अधिक प्रभावशाली भूमिका के लिए स्मृति, एलिस और ऋचा की तिकड़ी से परे लोगों की भी आवश्यकता होगी। दूसरी ओर, मुंबई प्लेइंग इलेवन के संतुलन और मैच जीतने वाले प्रदर्शन के मामले में क्लिनिकल रहा है, हालांकि वे मंगलवार को गेंद के साथ एलिस के तूफान का सामना नहीं कर सके।

## ऋषभ की वापसी की चमत्कार मानते हैं उनके डॉक्टर और फिजियोथेरेपिस्ट



**नई दिल्ली ।**

भारतीय टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 22 मार्च से शुरु रहे आईपीएल से एक बार फिर मैदान पर वापसी करने जा रहे हैं। ऋषभ दिसंबर 2022 में एक कार हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गये थे। इसके बाद भी जिस प्रकार उन्होंने तेजी से फिटनेस हासिल की है उससे सभी हैरान हैं। उनका इलाज करने वाले नामी आर्थोपीडिक सर्जन दिनेश पर्डीवाला को भी भरोसा नहीं था कि ऋषभ इस प्रकार फिट होंगे। इस बल्लेबाज ने सभी चिंताओं को दूर करते हुए दिखाया है कि उनका खेल के प्रति जुनून कैसा है। पर्डीवाला ने 14 महीने बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने जा रहे ऋषभ के साथ अपनी बातचीत को याद करते हुए कहा ,'तुम्हारा प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटना चमत्कार होगा। इतना बुरी तरह से घुटना जगह से खिसकने के बाद , इस तरह के हालात में आना एक चमत्कार की तरह है। इस पर उसने कहा था ,'मैं 'चमत्कार करने वाला हूं. मैने दो बार किया और तीसरी बार भी करूंगा। '' ऋषभ ने कहा कि वह सामान्य के बहुत करीब महसूस कर रहे हैं। पंत इंडियन प्रीमियर लीग के जरिये वापसी करेंगे। वहीं राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के फिजियोथेरेपिस्ट धनंजय कौशिक ने बताया कि उनकी चोट बेहद गहरी थी। उन्होंने कहा ,'उनके दाहिने घुटने का हर एक लिगामेंट क्षतिग्रस्त था। एसीएल ( एंटेरियर क्रूसिएट लिगामेंट), पीसीएल ( पोस्टेरियर क्रूसिएट लिगामेंट) , लेटरल कोलेटरल लिगामेंट सब कुछ टूटा था। जांघ की मांसपेशियां भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त थी। मुझे लगता है कि ऐसे में कोई वापसी कर सकता था तो वह ऋषभ ही था।

## CSK में कोई बाहरी दखल या मालिकों का दबाव नहीं : ड्वेन ब्रावो

**(एजेंसी)**

इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स सबसे कामयाब टीम है और इसने पांच बार खिताब जीतने के अलावा सबसे ज्यादा बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की अप्रतिम सफलता के पीछे सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी या खिलाड़ियों में झलकता इत्मीनान ही नहीं है बल्कि गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो का कहना है कि टीम में बाहरी दखल नहीं होना भी लगातार मिल रही कामयाबी का राज है। इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स सबसे कामयाब टीम है और इसने पांच बार खिताब जीतने के अलावा सबसे ज्यादा बार प्लेऑफ में जगह बनाई है।



ब्रावो ने कहा ,'' टीम में कोई बाहरी दखल या मालिकों की ओर से दबाव नहीं है।

वे खिलाड़ियों को खुलकर खेलने देते हैं । यही इस टीम की खूबसूरती है।''

आईपीएल से पहले टीम संयोजन के बारे में उन्होंने कहा ,'' हमारे पास अच्छी टीम है। हम वहीं से शुरूआत करेंगे जहां पिछले सत्र में छोड़ा था । हमने युवा गेंदबाजी आक्रमण के साथ पिछली बार बेहतरीन प्रदर्शन किया।'' यहां अविरा डायमंड्स के स्टोर लांच के मौके पर उन्होंने कहा ,'' इस बार हमारे पास शार्दुल ठाकुर है जो बोनस होगा। मुस्ताफिजूर रहमान भी काफी अनुभवी है जबकि मथीषा मथिराना भी उपयोगी गेंदबाज है।''



## हार से निराश हैं गुजरात जायंट्स की कप्तान मूनी

**दिल्ली ।** गुजरात जायंट्स की कप्तान बेथ मूनी के लिए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मिली लगातार हार से निराश हैं। मूनी की टीम को इस सत्र में का यह सीजन अच्छा नहीं रहा। उनकी टीम 8 में से 6 मुकाबले हारकर मुकाबले से बाहर हो गयी है। मूनी ने कहा कि हम सभी क्षेत्रों में पीछे रहे। साथ ही कहा कि हमारी टीम के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत नहीं कर पाये। इसके बाद गेंदबाजी भी विरोधी टीम पर अंकुश नहीं लगा पाये। साथ ही कहा कि टीम के लिए कुछ सकारात्मक बातें भी रही हैं, कुछ खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया जिससे हमें टूर्नामेंट के दौरान कई बार प्रतिस्पर्धी होने का अवसर दिया। हमें एक गेंदबाज और एक ऑलराउंडर की कमी महसूस हुई है। हमने काशवी गौतम को खो दिया, मन्नत ने अच्छा प्रदर्शन किया। इसके अलावा लॉरा जैसी कुछ बल्लेबाजों ने भी बेहतरीन खेल दिखाया। वहीं मूनी ने शबनम शकील की प्रशंसा करते हुए कहा कि सका भविष्य बहुत अच्छा है और मुझे भरोसा नहीं है कि मैं नेट्स में उसका सामना करना चाहूंगी। सत्र पर उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह निराशाजनक रहा। शायद उन्हें अगले कप्तान की तलाश करनी होगी, यह मेरे लिए कठिन रहा है। हमें एक महान कोच और शानदार प्रबंधन मिला है, हमारे पास कुछ खिलाड़ी हैं और अगले सत्र में उन्हें बेहतर ढंग से एक साथ लाने की जरुरत होगी। इस मुकाबले की बात करें तो दिल्ली कैपिटल्स ने शैफाली वर्मा के तेजतर्रार अर्धशतक की बदौलत गुजरात जायंट्स को 13 ओवर में ही हरा दिया।

## शान्तो के शतक से बांग्लादेश ने पहले एकदिवसीय में श्रीलंका को हराया

**चटगांव ।**

नजमुल शान्तो के शतक की सहायता से बांग्लादेश ने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका को 6 विकेट से हरा दिया। इस मैच में शान्तो ने 122 रन बनाये और वह आउट नहीं हुए। इसके अलावा मुशफिकुर रहीम ने भी नाबाद 73 रन बनाये। इस जीत के साथ ही बांग्लादेश की टीम को इस सीरीज में 1-0 से बढ़त मिल गयी है। टॉस जीतकर श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर में 255 रन बनाये। इसके बाद 256 रनों के लक्ष्य को बांग्लादेश ने 44.4 ओवर में ही 4 विकेट पर 257 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस मैच में बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 23 रन के स्कोर पर अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। लिटन कुमार दास शून्य, सौम्य सरकार 3 रन, मो. तौहीद ह्रदोय 3 रन और उसके बाद चौथे विकेट रूप में महमुदउल्लाह 37 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद नजमुल शांतो और मुशफिकुर रहीम ने पारी को संभाला और 5वें विकेट के लिए 165 रनों की साझेदारी की। शांतो ने 129 गेंदों में 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 122 रन की पारी खेली।

वहीं, मुशफिकुर रहीम ने 84 गेंदों में 8 चौकों की मदद से 73 रन बनाए। वहीं श्रीलंका की ओर से दिलशान मदुशंका ने दो विकेट लिए। प्रमोद मदुशन और लाहिरू कुमारा ने एक-एक बल्लेबाज को पेवेलियन भेजा। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका और अविष्का फर्नान्डो ने मिलकर पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़े। इस बीच फर्नान्डो 33 रन बनाकर आउट हो गए। निसंका भी 36 रन बनाकर आउट हो गये।

समरविक्रमा 3 रन और चरित असलंका 18 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। कुसल मेंडिस



और लियानगे ने अच्छी बल्लेबाजी की। मेंडिस ने 75 गेंदों में 59 रन बनाए। अपनी इस पारी के साथ ही उन्होंने एशियाई धरती पर अपने 2,500 रन भी पूरे किए। वहीं लियानगे ने 67 रन बनाये।

## रचिन को रिचर्ड हैडली और अमेलिया को डेबी हॉकले पुरस्कार मिला



**वेलिंग्टन ।** रचिन रवींद्र और अमलिया केर को पुरुष और महिला वर्ग में न्यूजीलैंड क्रिकेट का सर्वोच्च पुरस्कार मिला है। रचिन सर रिचर्ड हैडली पुरस्कार जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने हैं जबकि अमेलिया ने लगातार दूसरे साल डेबी हॉकले पदक जीता हैं। रचिन ने पिछ्ले साल भारत में हुए एकदिवसीय विश्वकप में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं महिल वर्ग में अमेलिया का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। रचिन ने विश्वकप में 64 की औसत से 578 रन बनाए थे। वह वह सबसे अधिक रन बनाने वाले क्रिकेटरों में चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने 3 शतक और 2 अर्धशतक लगाये थे। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में नाबाद 123 रनों की पारी भी शामिल थी। रचिन ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में भी कई अच्छी पारियां खेली थीं। दूसरी ओर महिला क्रिकेट की शीर्ष ऑलराउंरों में शामिल अमेलिया ने 67 की औसत से 541 रन बनाये हैं। वह एकदिवसीय में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रही हैं। इस क्रिकेटर ने 42 की औसत और 118 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाये हैं और वह टीम की ओर से संयुक्त रूप से सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रही हैं। इसके अलावा अमेलिया के नाम सबसे अधिक टी20 विकेट के साथ ही रन भी हैं। दूसरी ओर पुरुष टीम के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन को टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया जबकि डेरिल मिचेल को पुरुष एकदिवसीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला है। महिला वर्ग में अमेलिया को एकदिवसीय और टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी मिला। इसके अलावा क्रिस ब्राउन को जीजे गाडर्नर होम्स न्यूजीलैंड अंपायर ऑफ द ईयर मिला है।

## डिविलियर्स ने धोनी को डीजल इंजन जैसा बताया



**जोहांसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को किसी डीजल इंजन के समान बताया है। डिविलियर्स के अनुसार जिस प्रकार डीजल इंजन कभी काम बंद नहीं करना उसी प्रकार धोनी भी लगातार काम करते रहते हैं। यही कारण है कि घुटने की सर्जरी के बाद भी धोनी 42 साल की उम्र में आईपीएल खेलने जा रहे हैं। डिविलियर्स ने कहा कि धोनी के कुशल नेतृत्व और कोच स्टीफन फ्लेमिंग के अच्छे मार्गदर्शन के कारण ही टीम आईपीएल में पांच खिताब जीत पायी है। टीम के पास रवींद्र जड़ेजा जैसा शानदार ऑलराउंडर भी है। डिविलियर्स ने धोनी को एक अविश्वसनीय खिलाड़ी और कप्तान करार दिया है। उन्होंने पिछ्ले साल कुछ अविश्वसनीय क्रिकेट खेला। पिछ्ले साल ही धोनी के नहीं खेलने की उम्मीदें थी पर वे गलत साबित हुईं। डिविलियर्स ने कहा कि वह किसी डीजल इंजन की तरह लगता है जो कभी काम समाप्त नहीं करता है। डिविलियर्स ने कहा कि मेरा मानना है कि टीम को इतनी सफलता धोनी के कारण ही मिली है। वह हमेशा विरोधी टीम को टक्कर देने के लिए तरीका ढूंढ ही लेते हैं। डिविलियर्स ने विरोधी आईपीएल टीमों को चेताया है कि पिछ्ले सीज़न में खिताब जीतने के बाद सीएसके अब और मजबूती से खेलेगी। साथ ही कहा कि वे अपने खिताब का इस बार भी बचाव करना चाहेंगे। टीम पर कोई दबाव नहीं है जो उसकी एक बड़ी ताकत भी है।



# पुराने दिनों को याद कर भावुक हुईं दिव्या

दिव्या दत्ता बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। दर्शक उनके अभिनय के दीवाने हैं। लोग आज भी उन्हें फिल्म वीर-जारा और दिल्ली 6 में निभाए गए किरदारों के लिए याद करते हैं। हाल ही में दिव्या दत्ता एक इंटरव्यू के दौरान अपने शुरुआती दिनों को याद करती नजर आईं। उन्होंने बॉलीवुड के दिवंगत कलाकार इरफान खान के बारे में भी कई दिलचस्प खुलासे किए।

दिव्या दत्ता ने लगभग बॉलीवुड के सभी स्टार्स के साथ काम किया है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान इरफान खान के साथ अपने काम के अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा, इरफान जितने बेहतरीन अभिनेता थे उतने ही बेहतरीन वे इंसान भी थे। उनके साथ मैंने पहली बार फिल्म दुबई रिर्टन में काम किया था। वे जब सेट पर होते थे तब उनके आस-पास का माहौल एकदम बढ़िया होता था। वे कभी सेट पर सीरियस नहीं होते थे। इरफान हमेशा हंसी-मजाक करते रहते थे। दिव्या अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मुझे अच्छी तरह याद है फिल्म हिस्स में एक अंतरंग दृश्य को फिल्माना था। इरफान सेट पर पहले ही पहुंच चुके थे। जब मैं वहां पहुंची तब वे मुझे कहीं दिखाई नहीं दिए। मैंने निर्देशक से उनके बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि वे छत पर हैं। बाद में मुझे पता चला कि वे उस दृश्य को फिल्माने के लिए शर्मा रहे थे। उनके साथ काम करना हमेशा मेरे लिए काफी रोमांचक रहता था। वे मेरे पसंदीदा अभिनेताओं में से एक थे।

# पृथ्वीराज सुकुमारन की आदुजीविथम के ट्रेलर पर प्रभास ने दी प्रतिक्रिया



साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन अपनी अपकमिंग फिल्म आदुजीविथम-द गोट लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। शनिवार को फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया, जिसके बाद से दर्शकों में इस फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ गया है। पृथ्वीराज सुकुमारन की यह फिल्म आदुजीविथम-द गोट लाइफ बेन्यामिन के नॉवेल आदुजीविथम पर आधारित है, जो एक सच्ची कहानी है। फिल्म के ट्रेलर को लेकर दर्शकों की भारी प्रतिक्रिया सामने आई हैं। वहीं, अब सुपरस्टार प्रभास ने भी इस ट्रेलर की प्रशंसा की है। दरअसल, फिल्म सलार में प्रभास और सुकुमारन साथ काम कर चुके हैं। शनिवार को पृथ्वीराज की फिल्म आदुजीविथम का ट्रेलर सामने आने के बाद प्रभास ने सलार को-स्टार की जमकर तारीफ की और रिलीज से पहले ही इसे ब्लॉकबस्टर घोषित कर दिया है। प्रभास ने कहा, यकीन नहीं हो रहा कि यह वही व्यक्ति है। सलार स्टार ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो शेयर की और लिखा, मेरे भाई पृथ्वीराज मुझे यकीन ही नहीं हो रहा कि यह वही व्यक्ति है, जिसने वरदराज मन्नार की भूमिका निभाई है। बधाई हो मैं इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यकीनन एक ब्लॉकबस्टर आने वाले हैं।



# मां ने मुझे अकेले पाला, मैं एक मां का दर्द समझती हूं


पहले दमदार अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म 'सीरियस मेन' में और फिर उसके बाद बीते साल की नंबर वन हीरोइन आलिया भट्ट के साथ फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में अपनी जबर्दस्त अभिनय क्षमता का प्रदर्शन कर चुकी अभिनेत्री इंदिरा तिवारी अपनी अगली फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' के सोमवार को रिलीज हुए गाने वंदे वीरम में बहुत ही मार्मिक चरित्र निभाते नजर आईं। ये पूछे जाने पर कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, दिल्ली में बिताया समय उन्हें फिल्मों में अभिनय करने में कितनी मदद कर रहा है? इंदिरा तिवारी ने कहा, 'राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में हमें अभिनय की प्रक्रिया को आत्मसात करना सिखाया जाता है। ये सिखाया जाता है कि किसी किरदार की रूह को कैसे अपने शरीर में उतारा जाए और फिर कैसे उसे दर्शकों के सामने जिया जाए। लेकिन, रंगमंच से मेरा नाता उससे पहले भी रहा है। मैं भोपाल के मंचों पर बचपन से अभिनय करती आई हूं और अभिनय अब मेरी जीवनशैली बन चुका है।'

इंदिरा तिवारी को फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' के निर्माता विपुल शाह और निर्देशक सुदीप्तो सेन ने फिल्म के गाने वंदे वीरम की लॉन्चिंग पर पहली बार मुंबई मीडिया के सामने सार्वजनिक रूप से पेश किया। संयोगवश इंदिरा की ये मुंबई में पहली प्रेस कांफ्रेंस भी रही। उनकी पहली फिल्म 'सीरियस मेन' कोरोना संक्रमण काल के दौरान रिलीज हुई और दूसरी फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में सारी लाइमलाइट आलिया भट्ट पर ही रही। हालांकि, इंदिरा तिवारी का कहना है कि उन्हें लाइमलाइट में रहने से ज्यादा अपने किरदारों के जरिये लोगों के सामने आना अच्छा लगता है।

इंदिरा तिवारी की परवरिश उनकी मां डॉली तिवारी ने अकेले अपने बूते की है। इंदिरा कहती हैं, 'मेरी मां ने एकल अभिभावक के तौर पर हमारी जिस तरह परवरिश की है, उसने मुझे एक मजबूत इंसान बनाने में बहुत मदद की है। मैं बचपन से उन्हें हालात से लड़ते और उन पर जीत हासिल करते देखती रही हूं। वह ऐसी महिला हैं जो किसी भी बेटी के लिए आदर्श हो सकती हैं। उनकी जिंदगी की चुनौतियों से जूझने की क्षमताओं ने मुझे भी जीवन में बहुत मदद की है।'

और, फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' में एक मां का किरदार निभाने में क्या उन्हें अपनी मां के इस जीवट से भी मदद मिली? ये पूछे जाने पर इंदिरा बताती हैं, 'फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' की कहानी देश की उन तमाम मांओं की भी कहानी है जिनसे उनके बेटे उनसे छीन लिए गए। हर मां की कोख में जब बच्चा होता है तो वह सोचती है कि मेरा बेटा बड़ा होकर क्या बनेगा, कैसे वह अपने देश की सेवा करेगा, लेकिन उन मांओं की सोचिए, जिनके बेटे छीन लिए गए। वे तो ये भी नहीं समझ पातीं कि उनका बेटा किन हालात में होगा? ऐसी हर मां के जीवट ने मुझे इस फिल्म में रत्ना कश्यप का मेरा किरदार करने में मदद की है।'

# निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा की फिल्म में नजर आ सकते हैं अक्षय



अक्षय कुमार हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे व्यस्त कलाकारों में से एक हैं। 90 के दशक से अब तक वे अपनी अदाकारी से करोड़ों फैंस के दिलों पर राज कर रहे हैं। एक्शन फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत करने वाले अक्षय को कॉमेडी में भी महारत हासिल है। हेरा फेरी से लेकर हाउसफुल फ्रेंचाइजी तक, अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग से उन्होंने लोगों को खूब गुदगुदाया है। एक नवीनतम मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अक्षय जल्द ही एक कॉमेडी फिल्म में नजर आने वाले हैं। बताया जा रहा है कि इसके लिए उनकी फुकरे के निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा के साथ बातचीत चल रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्षय ने हाल ही में निर्देशक से मुलाकात की और उन्हें फिल्म का आइडिया काफी पसंद आया। कहा जा रहा है कि निर्देशक फुकरे फ्रेंचाइजी के बाद कुछ और हटके बनाना चाह रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म 2024 की दूसरी छमाही में शुरू होगी और इसके अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि फिल्म में और भी कई प्रतिभाशाली कलाकार नजर आएंगे, जो अपनी अदाकारी से लोगों को हंसाने की कोशिश करेंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर चर्चा में हैं। उनके साथ इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है। इसे इस साल ईद के मौके पर रिलीज करने की तैयारी है। इसके अलावा उनके पास जॉली एलएलबी 3, स्काई फोर्स, वेलकम टू द जंगल और हाउसफुल 5 जैसी कई बड़े बजट की फिल्में भी हैं।

# शादी के अफवाहों से परेशान हुईं तापसी




तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। साथ ही साथ उनकी निजी जिंदगी भी इन दिनों चर्चा का सबब बनी हुई है। अफवाहों का बाजार गर्म है कि जल्द ही तापसी शादी करने जा रही हैं। हाल ही में अभिनेत्री अपनी आने वाली फिल्म के प्रमोशन के दौरान फिल्म के अलावा अपनी शादी के अफवाहों पर बातें करती दिखीं। तापसी पन्नू सोशल मीडिया पर अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी गोपनीयता बरतती हैं। हाल ही में जब उनसे पूछा गया कि क्या वे शादी करने जा रही हैं। इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री कहती हैं, देखिए फिलहाल मेरा सारा ध्यान मेरी फिल्मों पर है। जब मैं शादी करूंगी तब सबको बता दूंगी। मैं सच में इस सवाल से परेशान हो गई हूं।

## सही समय पर होगी शादी

तापसी अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मुझे समझ में नहीं आता है लोगों को मेरी निजी जिंदगी में इतनी दिलचस्पी क्यों है। मैं सही समय आने पर शादी करुंगी। मुझे इस पर बेवजह बातें करना पसंद नहीं है और एक चीज अभी इन अफवाहों का कोई मतलब नहीं है। अगर आपको यही करना था तो दस साल पहले आप मैथियास और मेरे रिश्तों के बारे में बात करते क्योंकि मैं दस साल से उन्हीं के साथ हूं।

## मैथियास से मिलकर सुरक्षित लगा

तापसी पन्नू मैथियास को पिछले दस वर्षों से जानती हैं। अभिनेत्री ने खुद इस बारे में बातें करते हुए कहा, मैथियास से मिलने के बाद मुझे पता चला कि वे कितने सुलझे और जहीन किस्म के इंसान हैं। मेरे लिए मैच्युरिटी काफी मायने रखती है और मैथियास काफी समझदार इंसान हैं। उनके साथ जब मैं रहती हूं तब मैं काफी शांत और सुरक्षित महसूस करती हूं।



# नेपोटिज्म को लेकर अरबाज ने दिया बड़ा बयान

अभिनेता अरबाज खान बॉलीवुड में किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। अरबाज पटकथा लेखक सलीम खान के बेटे और सुपर स्टार सलमान खान के भाई हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान वे नेपोटिज्म पर खुलकर अपनी राय जाहिर करते दिखे।

## नेपोटिज्म नहीं देता काम की गारंटी

अरबाज खान बॉलीवुड के एक बड़े खानदान से ताल्लुक रखते हैं। उनसे जब ये पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि स्टार किड्स को नेपोटिज्म से फायदा मिलता है। इस सवाल के जवाब में अरबाज कहते हैं, देखिए अगर आपके पिता किसी प्रोफेशन में हैं तो आपके लिए उस क्षेत्र का दरवाजा जरूर खुल जाता है, लेकिन आपको वहां काम अपने टैलेंट से मिलेगा न कि पिता की वजह से। यह बात सिर्फ बॉलीवुड में ही नहीं बल्कि हर जगह लागू होती है।

# ओटीटी पर एंट्री की तैयारी में हैं सनी



अभिनेता सनी देओल इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। साल 2023 की सबसे बड़ी हिट गदर 2 की सफलता के बाद अब अभिनेता अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं। सनी राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म लाहौर 1947 में अहम भूमिका निभाते दिखाई देंगे। हाल ही में अभिनेता अपनी आने वाली फिल्म के अलावा अपने ओटीटी डेब्यू पर भी मीडिया से खुलकर बातें करते नजर आए। अभिनेता ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, मैं फिल्मों के अलावा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काम करने के लिए तैयार हूं। मुझे वेब सीरीज में काम करने से कोई परेशानी नहीं हैं। अगर मुझे अलग और नया विषय मिले तो मैं जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी आपको दिखूंगा। मैं चाहता हूं कि नई पीढ़ी के दर्शक भी मेरे काम को देखे और सराहे। मैं अब उन विषयों पर काम करना चाहता हूं जिन पर फिल्में नहीं बन सकती हैं। मैं वैसी वेब सीरीज में काम करना चाहता हूं जो मेरी फिल्मों से अलग हों। मेरा चाहता हूं जब दर्शक मुझे ओटीटी पर देखें तब उन्हें लगे कि मैंने कुछ बढ़िया और नया किया है।

# स्वातंत्र्य वीर सावरकर में अंकिता को कास्ट नहीं करना चाहते थे रणदीप



सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 17 से अंकिता लोखंडे ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी हैं। अंकिता बिग बॉस 17 की विजेता तो नहीं बन पाईं, लेकिन अब उन्हें कई बड़े प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिल रहे हैं। इन ऑफर्स में टेलीविजन प्रोजेक्ट्स के अलावा फिल्में भी शामिल हैं। अंकिता रणदीप हुड्डा की फिल्म स्वातंत्र्यवीर सावरकर में नजर आने वाली हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने खुलासा किया है कि रणदीप नहीं चाहते थे कि अंकिता इस फिल्म का हिस्सा बने। आइए जानते हैं क्यों। अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने हाल ही में खुलासा किया कि उनके सह-कलाकार रणदीप हुड्डा शुरू में नहीं चाहते थे कि वह उनकी आगामी फिल्म स्वातंत्र्यवीर सावरकर का हिस्सा बनें क्योंकि उन्हें लगता था कि वह पत्नी यमुनाबाई सावरकर की भूमिका निभाने के लिए बहुत यंग हैं। फिल्म में विनायक दामोदर सावरकर बायोपिक में रणदीप भारतीय राजनेता, कार्यकर्ता और लेखक विनायक दामोदर सावरकर की भूमिका में नजर आएंगे। हाल ही में, एक इंटरव्यू में अंकिता लोखंडे ने रणदीप हुड्डा की प्रशंसा की है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने कहा, रणदीप हुड्डा ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं आपको फिल्म में चाहता हूं, जिस पर अभिनेत्री ने जवाब दिया, क्यों?। इस पर उन्होंने ऐसा कहा, आप इस किरदार यमुनाबाई सावरकर के लिए बहुत सुंदर हैं। अंकिता ने आगे कहा, प्लीज ऐसा मत कहो। अंकिता ने खुलासा करते हुए बताया, रणदीप ने बहुत शोध किया था, वह इस बारे में इतना निश्चित थे कि वह फिल्म में क्या चाहते हैं। वह यमुनाबाई के बारे में सब कुछ जानते थे। वह एक सफल पुरुष वीर सावरकर के पीछे की सफल महिला थीं। बता दें कि सलमान खान के बिग बॉस 17 के बाद यह अंकिता लोखंडे का पहला प्रोजेक्ट है। बता दें कि सलमान खान के रिएलिटी शो में अभिनेत्री पति विक्की जैन के साथ नजर आई थीं। इस शो में उन्होंने टॉप 4 में अपनी जगह बनाई थी। बिग बॉस 17 में उनकी जर्नी को काफी सराहा गया था।



# नोएडा प्राधिकरण का बड़ा एक्शन, रेस्तरां होटल व वाणिज्यिक संस्थानों पर ठोंका जुर्माना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में चल रहे रेस्तरां, होटलों व वाणिज्यिक संस्थानों ने आखिरकार नोएडा प्राधिकरण के एक नियम को नहीं माना जिसके बाद नोएडा प्राधिकरण ने इनके खिलाफ सख्त एक्शन लेते हुए लाखों रूपये का जुर्माना लगाया है। इन नामी गिरामी होटलों, रेस्टोरेंटों के कारण अंडरग्राउंड वाटर प्रदूषित हो रहा है।



( फाइल फोटो )

नोएडा प्राधिकरण द्वारा 20 फरवरी 2024 को शहर भर के रेस्तरां, होटल व वाणिज्यिक संस्थानों का निरीक्षण किया गया था। इनके द्वारा किचन का चिकनाईयुक्त वेस्ट वाटर शोधित किए बिना सीधे सीवर लाइन या ड्रेन में डाला जा रहा था जिसके कारण सीवर लाइन तथा ड्रेन जाम हो रहे थे। प्राधिकरण ने इन होटलों और रेस्टोरेंटों को वेस्ट वॉटर को ईटीपी एवं ग्रेस ट्रेप के माध्यम से शोधित करने के बाद मेन टैंक में डालने के निर्देश दिए थे। इस काम के लिए प्राधिकरण ने रेस्तरां, होटल व वाणिज्यिक संस्थानों को 15 दिन का समय दिया था। इनमें से केवल 5 संस्थानों ने प्राधिकरण के नियम को माना। इसके बाद प्राधिकरण ने लगभग 35 होटलों, रेस्टोरेंट और वाणिज्यिक संस्थानों पर मोटा जुर्माना ठोंका है।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम के निर्देश पर नोएडा में संचालित रेस्तरां, होटल व वाणिज्यिक संस्थानों पर प्राधिकरण ने सख्त एक्शन लिया है। ईटीपी एवं ग्रास टेञ्ज न लगाने वाले 35 संस्थानों पर जुर्माना लगाया गया है। इनमें द कोर्ट यार्ड डिनर सेक्टर-104, कोलाकल रेस्टोरेंट, एट लाइफ रेस्टोरेंट, द येलो चिली, स्पीजा बरिस्तो, लॉ पिंजो पिजा, बॉबाज रेस्टोरेंट, आहार रेस्टोरेंट, द जाइंट पांडा एशियन रेस्टोरेंट, स्वीट-1 रेस्टोरेंट, छवि होटल हाजीपुर विलेज, अवधि फूड तरकारी, अल-नवाब रेस्टोरेंट, फिल्ला रेस्टोरेंट, गब्बर डाबा, सिंह फूड नोएडा, बाबा दा ढाबा, स्टर्लिंग मॉल, गुलाठी पंजाबी, खानकाठी रोल, चाईनीज -18, पृथ्वी, वॉक इन द वुडस, देशी वाइबस, ढाबा एट अटटा, राधेश्याम, स्वागत रेस्टोरेंट, द तंदूरी विलेज, नजीर फूड, हीरा स्वीटस, सागर रत्ना तथा पटियाला किचन रेस्टोरेंट पर लाखों रूपये का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना कुल लगभग 1 करोड़ रूपये का है।

नोएडा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किए गए नियमों का पालन कुल 5 संस्थानों ने किया। इनमें सेक्टर-104 का करीमस, द इलाइट होटल एण्ड बैंक्विट, सेक्टर-18 का नत्थू, हल्दीराम तथा बीकानेर वाले शामिल हैं।

# क्षेत्र का विकास किया है आगे भी करते रहेंगे : डॉ .महेश शर्मा

## सांसद ने कई गांवों का किया दौरा, लोगों से किया संवाद

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा भाजपा के प्रत्याशी सांसद डा. महेश शर्मा ने 'गाँव चलो अभियान' कार्यक्रम के दौरान विधानसभा सिंकदराबाद के ग्राम अरनिया कमालपुर, रौनी, नूरपुर, हसनपुर जागीर, विसवाना, रजपुरा, भराना, रूई का पेंच का भ्रमण किया तथा लोगों से संवाद किया।




सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र में डबल इंजन की सरकार ने विकास कार्यो को निरंतर गति दी है और कई बड़ी योजनाओं को भी पूरा किया है। सांसदनिधि से भी इन क्षेत्रों मे निरंतर विकास कार्य हुये है। अगर कुछ कार्य रह गये है वह भी पूरे किये जायेंगे। विकास की गति रुकने नहीं दी जायेगी। प्रधानमंत्री जी का यही सपना है कि हम विकसित भारत की ओर आगे बढें। हम-सब मिलकर फिर तीसरी बार देश की बागडोर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में दें और उनके विजन 400 पार को पूरा करें।

'गाँव चलो अभियान' कार्यक्रम के दौरान विधायक लक्ष्मीराज सिंह, सुखपाल लोकसभा विस्तारक, ऋषभ चौधरी, विधानसभा विस्तारक, सुरेश चन्द्र शर्मा, दीपक दुल्हेरा, सुंदरपाल तेवतिया, राहुल प्रधान, वीना भाटी, देवराज भाटी, सतीश भाटी, धिरेन्द्र चौहान, ओम प्रकाश भाटी, नवीन शर्मा, प्रवेश गुप्ता, डा. प्रदीप दीक्षित, विनोद शर्मा, चाहत प्रधान, रविन्द्र प्रधान, त्रिवेष गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष, सचिन शर्मा, नवीन गुप्ता, मोहन सैनी, नेरेन्द्र सैनी, अवनीश गुप्ता, डा. नरेश शर्मा, आनन्द जैन समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा ने की बैठक, कार्ययोजना बनाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा की नोएडा महानगर मंडल सेक्टर-34 के बारात घर में बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता, उप्र राज्य महिला साथ ही हर घर तक कार्यकर्ता कैसे पहुँचे उसकी तैयारी का पूरा ब्यौरा लिया गया। बैठक में जिला




कमेटी ने एक आवश्यक बैठक की। पार्टी के चुनाव मिशन 'अबकी बार-400 पार' के तहत गौतमबुद्ध नगर लोकसभा से प्रत्याशी सांसद डॉ. महेश शर्मा की प्रचंड विजय की तैयारी को लेकर महाराणा प्रताप आयोग अध्यक्ष विमला बाथम, लोकसभा सह प्रभारी के.के शुक्ला सम्मलित हुए।

बैठक में सेक्टर संयोजक, प्रभारी, पन्ना प्रमुख मण्डल की टीम के साथ मनोज गुप्ता ने चर्चा की। महामंत्री गणेश जाटव, महामंत्री उमेश त्यागी, धर्मेंद्र गुप्ता, नरेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड़, मण्डल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी/ संयोजक, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टैंकर स्वामी के खिलाफ मामला दर्ज, पेट्रोल पंप पर भी होगी विभागीय कार्यवाही

## सैनी गांव में टैंकर में आग लगने का मामला

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दादरी तहसील के सैनी गांव में पशुशाला में खड़े टैंकर में आग लगने के मामलें में टैंकर स्वामी भीम नागर पुत्र ज्ञानेंस नागर तथा उनकी कंपनी के खिलाफ थाने में मामला पंजीकृत कराया गया है। संबंधित पेट्रोल पंप के खिलाफ भी विभागीय कार्यवाही की जा रही है। यह जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्म ने दी। उन्होंने बताया कि विगत दिवस ग्राम सैनी, तहसील दादरी स्थित पशुशाला में खड़े टैंकर बाउज़र में आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर आपूर्ति टीम द्वारा ग्रामवासियों एवं क्षेत्रीय लेखापाल की उपस्थित में जांच की गयी। जिसमें कोई पशु हानि या जन हानि होना नहीं पाया गया। मौके से बरामद यू.पी. 16 जे.टी.-9800 में रखे टैंक में 200 लीटर डीजल भरा पाया गया तथा डिस्पेसिंग यूनिट लगी पायी गयी।

श्री शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान प्रकाश में आया कि उक्त टैंकर बाउजर में लगी डिस्पेसिंग यूनिट बांट-माप विभाग द्वारा मुद्रांकित नहीं है। टैंकर बाउजर पेसो द्वारा अनुज्ञापित नही है। टैंकर बाउज़र स्वामी द्वारा गलत तरीके से पेट्रोल पम्प से डीजल की खरीद फरोख्त किया जाना पाया गया तथा संलिप्त पेट्रोल पम्प द्वारा बिना विधिक गलेन्ट्री के डीजल दिया जाना पाया गया। ऐसी दशा में उपरोक्त दोषी भीम नागर पुत्र ज्ञानेन्द्र नागर, निवासी सैनी एवं कंपनी द्वारा संचालित मै0 एच पी ऑटोकेयर सेंटर, पीपी-01 सेक्टर-12 ग्रेटर नोएडा के विरुद्ध थाना इकोटेक-3 में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (यथा संशोधित) की धारा 3/7 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया है। साथ ही सम्बन्धित पेट्रोल पम्प के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही भी की जा रही है।

# जैन समाज ने किया कवि सम्मलेन का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अणुव्रत अमृत महोत्सव के उपलक्ष में अणुव्रत विश्व भारती के तत्वावधान में आचार्यश्री महाश्रमण की शिष्या साध्वी अणिमा के सानिध्य में अणुव्रत समिति नोएडा द्वारा अणुव्रत काव्यधारा का आयोजन किया गया।




अणुव्रत काव्य धारा में साध्वी श्रीजी ने फरमाया कि फागुन शुक्ला दूज को अणुव्रत का सूत्रपात सरदार शहर में हुआ था । दूरदर्शि आचार्य श्री तुलसी ने एक बहुत बड़े आंदोलन का सूत्रपात किया जब देश आजादी का जश्न मना रहा था तब आचार्य तुलसी ने कहा कि असली आजादी तो त्याग और संयम के आधार पर ही प्राप्त की जा सकती है। अणुव्रत आंदोलन के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरी परिषद के लिए संदेश दिया कि घर-घर में अणुव्रत का सिंहनाद हो। हर व्यक्ति के जीवन में अणुव्रत के नियम उतरने चाहिए। संगठन मंत्री डॉ. कुसुम लुनिया के विशेष प्रयास से अणुव्रत समिति नोएडा का पुनर्गठन हुआ है।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने बताया कि डॉ धनपत जी लुनिया (राष्ट्रीय संयोजक अणुव्रत काव्यधारा ) के मार्गदर्शन में अणुव्रत समिति नोएडा की अध्यक्ष डॉ आरती बोथरा कोचर ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का सफल संचालन किया। अंतर्राष्ट्रीय कवि गजेन्द्र सोलंकी (अणुव्रत काव्यधारा के राष्ट्रीय सह संयोजक) कविराज चेतन चर्चित, प्रसन सुराना, दिशा दृष्टि लोढ़ा, सुभाष सेठिया ने काव्यपाठ प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर अनुपमा कठोतिया, अर्चना भंडारी, सोनिका बेंगानी गणेश जाटव उमेश त्यागी बीजेपी नोएडा महानगर ,महामंत्री,सुमन जी बोथरा संतोष बैद, रंजू माथुर,अरिहंत आदि ने काव्यपाठ का आनंद लिया।

# पीएम ने भारत का डंका पूरी दुनिया में बजाया : धीरेन्द्र सिंह

**जेवर ( चेतना मंच )।** जेवर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा है कि हम उस संस्कृति से ताल्लुक रखने वाले लोग हैं, जहां वसुधैव कुटुंबकम की भावना विद्यमान है तथा हम सभी धर्मों का सम्मान करने वाले लोग हैं, जहां का दृष्टिकोण मानवतावादी है।




कस्बा जे़वर में स्थित जैन इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ तथा शिक्षण प्रकोष्ठ व प्रबुद्ध वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम का जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने शुभारंभ करते हुए कहा कि हम इंसानियत के लिए काम करने वाले लोग हैं और इसे पूरी दुनिया के सामने विगत 10 वर्षों में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रस्तुत भी किया है। जेवर मेरी राजनीति का नहीं वरन कार्य नीति का गढ़ है। आज भारत की विदेश नीति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हिंदुस्तान का डंका पूरी दुनिया में बजाया है। आज अगर उत्तर प्रदेश का विकास हो तो उसका रास्ता जेवर से होकर जाएगा।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष रबूपुरा उदयवीर सिंह, सतपाल सिंह तालान, कुलभूषण शर्मा जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ, हरीश शर्मा प्रबंधक प्रज्ञान पब्लिक स्कूल जेवर, सुधीर शर्मा, तेजपाल भाटी, संजीव शर्मा, अरविंद सिंह, अशोक वर्मा, विजय शर्मा, मोनू गर्ग, हिमांशु कौशिक आदि मौजूद रहे।

